डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

# रॉयल पत्रिका

रॉयल पत्रिका न्यूज पेपर, वेबसाइट और डिजिटल में विज्ञापन के लिए संपर्क करें - 9799559096

मुस्लिम रिश्तों और नौकरियों के लिए पढ़े पेज 5

वर्ष :19 | अंक : 25 | पेज: 8 | जयपुर, सोमवार,22 जुलाई से 28 जुलाई 2024 | साप्ताहिक | मूल्य: 5 रुपए

## कांवड़ यात्रा रास्ते में दुकानदारों के नाम लिखने का योगी सरकार का फरमान

**-क्या मुसलमान की दुकानों से खरीदी गई खानें की वस्तुएं अशुद्ध होती है ?**
**-यह फरमान देश में आर्थिक उथल-पुथल ला सकता है !**

**एम खान**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने मुजफ्फरनगर जिले में करीब 240 किलोमीटर के रास्ते में जहां से कांवड़िया गुजरने में दुकानदारों, ढाबों, रेस्टोरेंट, चाय की खाड़ी फलों का ठेला आदि पर संचालक का नाम लिखने का फरमान जारी किया गया है। दुकानों पर योगी सरकार के नाम लिखने के फरमान का समर्थन करने वाले कह रहे हैं कि कांवड़िया मुस्लिम दुकानदारों, चाय वाले, होटल से कुछ खरीद कर खाएंगे नहीं क्योंकि मुसलमान की दुकानों पर अशुद्ध वस्तुएं मिलती है। अशुद्ध वस्तुएं खाने से हिंदू कांवड़िया अपवित्र हो जाते हैं। वैसे योगी सरकार का यह फरमान राजनीति से प्रेरित है। यदि इस फरमान पर अमल किया जाए तो इसके दूरगामी परिणाम निकलेंगे। बाजारों में, रास्तों में, मेलों में, हार्ड बाजार में, ग्राहक का नाम देखकर सामान खरीदने लगेंगे। देश में वर्तमान में जातिवादी व्यवस्था फैली हुई है। जिस जाति की जनसंख्या ज्यादा है तो वही कारोबार में सफल हो पाएगी। दूसरी तरफ बहुत सी ऐसी वस्तुएं हैं जिनका संबंध मुस्लिम समुदाय से है। क्या हिंदू उसको खरीदना बंद कर देंगे या हिंदुओं से मुसलमान खरीदना बंद कर देंगे?सबसे ज्यादा नुकसान वैश्य एवं उच्च वर्ग के कारोबारियों को होना तय है, क्योंकि बाजारों में, हाटों में और मेलों में वैश्य वर्ग के एवं उच्च वर्ग के लोगों की दुकान ज्यादा होती है।

दलित पिछड़ा वर्ग एवं मुसलमान की दुकान कम होती है, जबकि देश में 85% जनसंख्या दलित, पिछड़ो एवं मुसलमान की है। इन वर्गों के लोग अपनी जाति समुदाय के दुकानदारों से सामान खरीदने लगे तो क्या होगा। कारोबार के दम पर वर्चस्व कायम करने वाली जातियों की हालत पूरे देश में खराब होने लगेगी। इसी तरह स्कूलों कॉलेजों में व्यवहार किया जाएगा जो देश के भविष्य के लिए अच्छा नहीं हो सकता है।भाजपा शासित प्रदेशों में हिंदू मुस्लिम की राजनीति।देश में भयंकर बेरोजगारी भ्रष्टाचार महंगाई का बोलबाला है। बेरोजगार युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं। बेरोजगार युवा हिंदू, मुस्लिम सिख एवं ईसाई सभी में देखने को मिल रहे हैं। सरकारें जहां विशेष कर भाजपा शासन है वहां रोजगार शिक्षा विकास महंगाई नियंत्रण की बात नहीं करके हिंदू मुस्लिम,मंदिर-मस्जिद, हिंदुत्व, सनातन, लव जिहाद,धर्म परिवर्तन जैसे मुद्दों को उछाला जा रहा है।

भाजपा लोकसभा चुनाव में पिछड़ने के बाद भी नहीं समझ पा रही है कि बहुसंख्यक हिंदू उससे नाराज है। बहुसंख्यक युवाओं को रोजगार शिक्षा एवं सुरक्षित भविष्य की जरूरत है। लेकिन भाजपा को ऐसा जाने क्यों लगता है कि उसका राजनीतिक भविष्य सिर्फ हिंदू-मुस्लिम की राजनीति में है।







## राजस्थान उर्दू अकादमी में लगा ताला

**-क्या भाजपा की मंशा के अनुसार राजस्थान उर्दू अकादमी को बंद किया जा रहा है**
**-उर्दू अकादमी में बचे एकमात्र यूडीसी भी रिटायर**

जयपुर(रॉयल पत्रिका)। राजस्थान उर्दू अकादमी कार्यालय जो झालाना डूंगरी में स्थित है, में ताला लगा दिया गया है । उर्दू अकादमी में एकमात्र सरकारी कर्मचारी यूडीसी एस जेड साजिद 30 जून' 2024 को रिटायर्ड हो गए । उर्दू अकादमी में अब अध्यक्ष, सचिव, अकाउंटेंट एवं बाबू सहित सभी पोस्ट खाली हैं । उर्दू अकादमी कार्यालय का अब कोई ताला खोलने वाला नहीं है और उर्दू अकादमी में ताले लगवाना या अकादमी को बंद करवाना प्रदेश की भाजपा सरकार की मंशा मानी जा रही है । यदि भाजपा सरकार चाहती तो उर्दू अकादमी में अध्यक्ष, सचिव या किसी सरकारी कर्मचारी को लगाकर ताले लगाने की स्थिति से बचा सकती थी । लेकिन भाजपा सरकार ने ऐसा नहीं किया, उर्दू से मोहब्बत करने वालों के लिए यह बड़ा आघात है । वैसे उर्दू भाषा को सिर्फ मुसलमानो की भाषा नहीं माना जाता है, उर्दू को हिंदू-मुस्लिम और सभी को जोड़ने वाली भाषा माना जाता है ।लेकिन भाजपा ऐसा नहीं मानती है, भाजपा सरकार की मंशा उर्दू अकादमी के अलावा अल्पसंख्यक इदारों जैसे मदरसा बोर्ड, अल्पसंख्यक आयोग, वक्फ बोर्ड एवं वक्फ विकास परिषद के साथ भी ऐसा किया जाएगा । लोगों में चर्चा है कि भाजपा सरकार की अल्पसंख्यकों के प्रति द्वेषता की नीति सही नहीं है ।

## चंद्रशेखर के एक फैसले से सपा-कांग्रेस और बसपा की बढ़ी टेंशन

**-यूपी उपचुनाव में कहीं बिगड़ न जाए इंडिया गठबंधन का खेल**

लखनऊ । नगीना से सांसद और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने साफ कर दिया है कि यूपी की सभी दस सीटों पर होने वाले उप चुनाव में उनकी पार्टी प्रत्याशी उतारेगी। दलित युवाओं में लोकप्रियता के ग्राफ पर ऊपर चढ़ रहे चंद्रशेखर के इस फैसले के बाद बसपा तो टेंशन में ही है, सपा और कांग्रेस की भी परेशानियां बढ़ती दिख रही हैं। वजह यह है कि गठबंधन को यूपी में लोकसभा चुनावों में चमत्कारिक नतीजे मिलने में बड़ा हाथ दलित वोटरों का रहा है। अब बसपा के अलावा अगर चंद्रशेखर भी ताल ठोकेंगे, तो इसका नुकसान सपा-कांग्रेस गठबंधन को उठाना पड़ सकता है।

चंद्रशेखर कहीं बिगाड़ न दें सपा-कांग्रेस का खेल

लोकसभा चुनावों में सपा और कांग्रेस गठबंधन करके चुनाव मैदान में उतरी थी। संविधान बचाने का नैरेटिव दलित वोटरों को इतना भाया था कि बसपा को छोड़कर वे गठबंधन के साथ गए। इसके अलावा युवाओं और किसानों ने भी अपने मुद्दों पर गठबंधन का साथ दिया था। नतीजा यह हुआ था कि भाजपा 33 सीटों पर सिमट गई थी, जबकि सपा को 37 और कांग्रेस को छह सीटों पर जीत मिली थी। इससे गठबंधन उत्साहित है और विधानसभा उप चुनावों में भी साथ



मिलकर ही लड़ने का फैसला कर चुका है। वहीं, दूसरी तरफ बात करें चंद्रशेखर आजाद की तो पहले वह भी इंडिया गठबंधन का हिस्सा होना चाह रहे थे, लेकिन जब बात नहीं बनी, तो दो सीटों पर मुकाबला लड़ा था। नगीना में आजाद खुद तो जीत गए, लेकिन डुमरियागंज सीट पर उनके प्रत्याशी को इतने वोट जरूर मिले कि उन्होंने इंडिया ब्लॉक के जीत की राह रोक दी थी। अब चंद्रशेखर सभी दस सीटों पर उपचुनाव लड़ने की घोषणा कर रहे हैं। उन्होंने साफ कहा है कि इस बारे में पार्टी पदाधिकारियों से बात हो चुकी है। संगठन तैयार है। हमने सभी तैयारियां भी कर ली हैं।

दलित वोटर सभी को चाहिए

लोकसभा चुनाव के पहले तक दलित वोटरों का एक बड़ा तबका भाजपा के पास आ जाता था। इससे उसके वोट बैंक में अच्छा इजाफा दिखता था, जबकि बीते चार दशक से बसपा दलित वोटरों की राजनीति करती रही है, लेकिन 2024 में उससे भी दलित वोटर छिटक गए थे। वहीं, बात सपा और कांग्रेस की करें तो बसपा के गठन के पहले तक दलित कांग्रेस का वोटर हुआ करता था, लेकिन तकरीबन चार दशक से वह उससे रूठा हुआ था। इस चुनाव में वह उसके साथ आया था। सपा को भी इसका लाभ मिला था। सपा इसके पहले 2019 में बसपा के साथ गठबंधन करके लोकसभा चुनाव लड़ चुकी है, लेकिन तब भी दलित वोटर सपा में ट्रांसफर नहीं हुए थे। अब जबकि कांग्रेस के मार्फत उसके पास दलित वोट बैंक आया और नतीजे में ऐसे परिणाम आए, तो सपा-कांग्रेस किसी भी सूरत में दलित वोटरों को छिटकने नहीं देना चाहते हैं, लेकिन चंद्रशेखर के आने से सियासी समीकरणों का बदलना तो तय है। कितना बदलेगा, यह तो उपचुनाव के नतीजे बताएंगे।

## विधानसभा में "ठाकुर का कुआं" की राजनीति सामने आई

**-प्रदेश में जाट राजपूत राजनीति गर्माई**
**-जाट नेता हरीश चौधरी ने "ठाकुर का कुआं" पर विधानसभा में कविता सुनाई**



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान की सियासत में कांग्रेस पार्टी के जाट नेता हरीश चौधरी के बयान से उबाल आ गया है । राजपूत नेताओं चाहे वह किसी भी पार्टी के हों, ने हरीश चौधरी के बयान की आलोचना की है । बायतु विधायक हरीश चौधरी सामंतशाही पर विधानसभा में कटाक्ष कर रहे थे, लेकिन राजपूत नेताओं और विधायकों ने हरीश चौधरी के बयान का विरोध किया । हरीश चौधरी के "ठाकुर का कुआं" के बयान को लेकर प्रदेश में जाट-राजपूत समाज की राजनीति में उबाल आ गया है ।वैसे भी राजस्थान में जाट-राजपूत समुदाय राजनीतिक रूप से एक दूसरे के प्रतिद्वंद्वी हैं । प्रदेश की राजनीति में किसका वर्चस्व रहे, इसके लिए जाट-राजपूत नेताओं में राजनीतिक प्रतियोगिता बनी रहती है । प्रदेश में वर्तमान में दोनों ही जातियों का प्रभाव है और कोई भी सरकार इनको नजरअंदाज नहीं कर पाती है । देश की स्वतंत्रता के बाद प्रदेश में राजपूतों का प्रभाव कम हुआ है और जाट समुदाय का प्रभाव बड़ा है । राजपूत समाज से प्रदेश के कई मुख्यमंत्री रहे हैं, जबकि जाट समाज से अभी तक कोई मुख्यमंत्री नहीं बन पाया है । जाट और राजपूतों की आपसी खींचतान के कारण भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने दोनों जातियों में से मुख्यमंत्री नहीं बनाकर ब्राह्मण जाति के भजन लाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाया है । वैसे प्रदेश में इन दोनों जातियों की राजनीति इस पर निर्भर करती है कि दूसरी जातियां किसके साथ ज्यादा आती हैं । जाट समुदाय ओबीसी के पिछड़े वर्ग में आता है जबकि राजपूत शासक वर्ग यानी जनरल कैटेगरी में आता है । रिजर्व ग्रुप की आबादी ज्यादा होने के कारण भविष्य में जाटों का प्रभाव ज्यादा रह सकता है ।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रीनाथ जी मंदिर में किए, दर्शन प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

**-मुख्यमंत्री का डीग दौरा सम्पन्न**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को डीग के पूंछरी का लौठा पहुंचकर गिरिराज जी की पूजा-अर्चना कर दुग्धाभिषेक किया। उन्होंने श्रीनाथजी मंदिर में भी विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। शर्मा ने मुड़िया पूर्णिमा मेले के अवसर पर पूंछरी का लौठा में गोवर्धन परिक्रमा कर रहे श्रद्धालुओं से आत्मीय मुलाकात की एवं उन्हें भक्ति भाव से भोजन प्रसादी भी वितरित की।

उल्लेखनीय है कि बजट 2024-25 में डीग-कुम्हेर-भरतपुर में 6 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से सांवई खेड़ा डिप्रेशन से गोवर्धन ड्रेन तक पानी लिफ्ट कार्य की घोषणा



की गई है। इस सौगात के लिए क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, विधायक डॉ शैलेश सिंह, नौक्षम चौधरी, बहादुर सिंह कोली सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।




## मुख्यमंत्री के अग्रणी राजस्थान विजन के अनुरूप कार्य करें अधिकारी - मुख्य सचिव

**-सभी विभागों की सहभागिता से ही 'हरियालो राजस्थान' की संकल्पना होगी साकार**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रदेश में ग्रीन कवर बढ़ाने के लिए 'हरियालो राजस्थान' जैसी अनूठी पहल की है। उन्होंने कहा कि सभी विभागों की सहभागिता और आपसी समन्वय से ही यह संकल्पना साकार होगी।

मुख्य सचिव शनिवार को शासन सचिवालय में उच्च अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

**शेष पृष्ठ 2 पर**



## एक कानून बना दो कि हिंदू "नॉनवेज" नहीं खाएगा - टिकैत



मुजफ्फरनगर (रॉयल पत्रिका)। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार को कानून बना देना चाहिए कि हिंदू "नॉनवेज" नहीं खाएंगे, बीजेपी नेताओं को एफिडेविट देना चाहिए कि वह मीट नहीं खाएंगे । टिकैत योगी सरकार के दुकानदारों को ढाबों वालों के लिए नाम प्लेट लगवाने के आदेश पर प्रतिक्रिया दे रहे थे । टिकैत का कहना है कि बताया जा रहा है कि मुसलमानो के ढाबों पर मीट खिलाया जाता है । टिकैत का कहना है कि मीट नए-नए बने हिंदू ही ज़्यादा खाते हैं, इनको मीट नहीं खाना चाहिए । उन्होंने कहा कि सरकारें पॉलिसी बनाती हैं और एजेंडा चलाती है । लोगों को चाहिए कि जातिवाद पर ध्यान नहीं दें और रोजगार पर ध्यान दें । उन्होंने कहा कि ऐसी पक्षपात पूर्ण नीतियों का प्रभाव इंटरनेशनल स्तर पर पड़ता है, खाड़ी देशों से व्यापार होता है । हमारे देश में सेंधा नमक पाकिस्तान से आता है, पाकिस्तान में सेंधा नमक मुसलमानो के द्वारा निकाला जाता है । फिर भी यहां खाया जाता है । यह सरकारें हैं, देश की जनता को आपस में उलझाए रखना चाहती हैं । जनता को सावधान रहने की जरूरत है ।

# सचिन पायलट के मजबूत स्तंभ हैं लईक अहमद



सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका) । सचिन पायलट जो की राजनीति में एक बहुचर्चित नाम है । लोकसभा चुनाव के बाद पायलट का कद काफी बढ़ चुका है। ऐसे में हर कोई नेता अपना नाम पायलट के साथ जोड़ना चाहता है।वहीं पायलट पूर्वी राजस्थान से लेकर पश्चिमी राजस्थान तक अपना गढ़ मजबूत बनाने में लगे हुए हैं। इसी तरह पिछले दिनों पायलट का सवाई माधोपुर जिले के बोली दौरा हुआ। पायलट के दौरा में हर कोई कतार में दिखा लेकिन पायलट अपनी रणनीति साफ रखते हुए प्रत्येक विधानसभा में अपने नेताओ को आगे रखते हैं इसी कड़ी में घाटा नेनवाड़ी बोली की जनसभा से पहले लईक अहमद द्वारा जोरदार स्वागत पायलट का हुआ।रास्ते में जगह जगह पायलट के स्वागत के बड़े बड़े होर्डिंग लईक अहमद के साथ लगे हुए दिखाई दिए। तस्वीरे दोनों नेताओं की करीबी होने के साफ संकेत करती है । सवाई माधोपुर कांग्रेस में ऐसे तो कई नेता है जो अपने नेता होने का दम भरते हैं परंतु समय बलवान है अब वही सवाई माधोपुर कांग्रेस का नेता रहेगा जो पायलट की पहली पसंद होगा। सचिन पायलट प्रत्येक विधानसभा में अपने कार्यकर्ता और नेता को मजबूत करते हैं।भविष्य की राजनीति में आगे आने का भी मौका देते हैं।बोली की जनसभा से पहले लईक अहमद।(सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजस्थान) पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट एवं निर्वाचित टोंक सवाई माधोपुर सांसद हरीश मीना, विधायक इंदिरा मीना, घनश्याम मेहर,पूर्व विधायक अशोक बैरवा,पूर्व विधायक वेध प्रकाश सोलंकी और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# ए.पी.आर.आई. टोंक में मुशायरे का आयोजन हुआ

टोंक (रॉयल पत्रिका)। 20. जोलाई 2024 को यौम ए फ़ाख़िर के मौक़ै पर ए.पी.आर.आई.टोंक में अंजुमन तामीर ए उर्दू और चाणक्य महा विद्यालय की तरफ़ से एक आल इंडिया मुशायरे का आयोजन हुआ जिसकी सदारत प्रोफ़ेसर मोहम्मद हुसैन साहब ने की और मेहमान ए ख़ुसूसी शमशेर साहब शाहीन और मेहमान ए एज़ाज़ी मुजीब अता आज़ाद पूर्व डायरेक्टर A.P.R.I.टोंक रहे । प्रोग्राम में तीन किताबों 1.मोजे सराब लेखक हसन इक़बाल 2. मेरे ख़्वाबों में राशा है लेखक डा .अरशद अब्दुल हमीद 3. तरसीलात ए अरशद लेखक मोहम्मद बाक़िर. का विमोचन हुआ और हसन इक़बाल साहब को फ़ाख़िर अवार्ड और अरशद अब्दुल हमीद साहब को डा अबुल फ़ेज़ उस्मानी अवार्ड डा.नदीम सेफ़ी साहब को उमर सेफ़ी अवार्ड दिया गया,उसके बाद शहर के कुछ अदबी लोगों को एज़ाज़ दिया गया । जिसमे मिर्ज़ा नसीम बैग साहब ,अमीनुद्दीन इक़बाल साहब, डा.वसीम अंजुम सेफ़ी साहब,सय्यद बदर अहमद साहब, क़ारी इज़्ज़त सेफ़ी साहब,अलम भास्कर साहब,एजाज़ फ़ाईज़ी साहब,शाबान अरशद साहब,प्रोफ़ेसर मोहम्मद हुसैन,सय्यद साबिर हसन रईस साहब,शाद केफ़ी साहब,मोहम्मद बाक़िर साहब,बरकत साईबी साहब,फ़हीमुद्दीन मुराद साहब,हारिस वसीफ़ी साहब,को उनकी अदबी ख़िदमात के लिए एज़ाज़ दिया गया मुशायरा रात 3.30 बजे तक चला जिसमे वसीम झिंजनवी, यूपी,जावेद आसी राजेपुर यूपी,सोहेल आतिर देव बंद,शमीम कौसर आगरा,फ़ेज दर्द लखनऊ,साग़र सिद्दीक़ी बीकानेर,जमील अख़्तर जयपुर,फ़रीद कोटवी कोटा,शफ़ीक़ वारसी जयपुर,सत्यम रोशन लखनऊ,सलीम जावेद केराना यूपी और मुक़ामी शायर हसन इक़बाल ,अरशद अब्दुल हमीद,शाद केफ़ी,सोहेल पयामी,बरकत साईबी,एजाज़ फ़ाइजी,नदीम सेफ़ी ,अंजुम सेफ़ी,इज़्ज़त सेफ़ी, अमीन नजमी,नवाब सेफ़ी,सुरूर ख़ालिदी,अनवर एजाज़ी,अबरार हसनी,साबिर हसन रईस, ने अपने कलाम से सामाईन को देर रात तक बांधे रखा। अंत में अंजुमन तामीर ए उर्दू के सरपरस्त ए आला यूसुफ़ एजाज़ी ने सभी हज़रात का शुक्रिया अदा किया।




# शरियत की रोशनी में कई विषयों पर दी गई खास जानकारियां

टोंक (रॉयल पत्रिका)। यहां तफ्हीमे शरीअत कॉन्फ्रेंस के आयोजन के रूप में कई वक्ताओं ने इस्लामी शरीयत के दृष्टिकोण से कई विषयों पर अपने विचार रखें। यहां दारूल उलुम ख़लीलीया में दोपहर हुए इस कार्यक्रम में यतीम पोते की विरासत कमसिनी की शादी यानी कम उम्र में शादी विरासत में औरत का हिस्सा जैसे विषय पर बाहर से आए धार्मिक विद्वान जयपुर से मुफ्ती मोहम्मद जाकिर नोमानी, जयपुर तबरेज आलम नसरुल्लाह नदवी, लखनऊ से मोहम्मद असद नदवी आदि ने इन प्रमुख बिंदुओं पर शरीअत की रोशनी में अपने विचार प्रकट किये। विशेष तौर से यतीम पोते की विरासत और विरासत में औरत का हिस्से को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई और इस पर प्रमुखता से प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रमुख मेहमान के रूप में मौलाना फजलुर रहीम मुजदद्दी जयपुर जनरल सेक्रेटरी ऑल इंडिया पर्सनल लॉ बोर्ड भी मौजूद थे। उन्होंने भी अपने यह कार्यक्रम मरकज़ी दारुल इफ्ता वल़कज़ा व इमारते शरइया टोंक की तरफ से आयोजित किया गया था। मुफ्ती आदिल नदवी ने सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर शहाब अहमद एडवोकेट कांग्रेस नेता सलीमुद्दीन खान महबूब उस्मानी मोइनुल्लाह बरकात हसीन जुनैद असलम नन्हेखा मंसूरी सहित मदरसौ के छात्र व उस्ताद मौजूद थे। रात को जामा मस्जिद काफिला में इजलासेआम व दस्तारबंदी का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में काफी तादाद में हाफ़िज़ों की दस्तारबंदी भी की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना फजलुर रहीम मूजदद्दी ने की। कार्यक्रम काफिला जामा मस्जिद के पेश इमाम मोहम्मद सईद टोकी के संरक्षण और मोहम्मद आमिर खान के नेतृत्व में हुआ। इस मौके पर जयपुर के मुफ्ती मोहम्मद जाकिर नोमानी, तबरेज़आलम नसरुल्लाह नदवी, मोहम्मद असद नदवी ने अपने-अपने विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। इन्होंने इस्लामी नुक्ते नजर से तलाक मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की जरूरत व अहमियत तथा शरीयत में औरत के माली हुकुक जैसे विषयों पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में मदरसों के छात्र उनके परिजन और शहर के लोग शामिल हुए।





# बालिका विद्यालय में उर्दू विषय शुरू करवाने हेतु सांसद हरीश मीणा को सौंपा ज्ञापन



सूरवाल- सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। । टोंक-सवाई माधोपुर सांसद हरीश मीणा 18 जुलाई को सूरवाल दौरे पर आए। इस सम्बंध में एसआईओ सूरवाल इकाई की ओर से राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरवाल में उर्दू विषय लगवाने के लिए एक ज्ञापन सांसद को सौंपा गया। दरअसल राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरवाल में कक्षा 11वीं में 40 व कक्षा 12वीं 45 मुस्लिम छात्राएं नियमित रूप से अध्यनरत है, जो उर्दू विषय को प्रथमिकता देती हैं।लेकिन विद्यालय में उर्दू विषय न होने के कारण उन्हें मजबूरन दूसरी विषय चुनना पड़ता है।

सांसद को जनता की ओर से जितने भी ज्ञापन दिए गए उन सब में उर्दू विषय के सम्बंध में अपने भाषण में प्राथमिकता के साथ इस मुद्दे पर अपने विचार व्यक्त किए और आश्वासन दिलाया कि हमारी प्राथमिकता रहेगी की इसी शैक्षणिक सत्र से उर्दू विषय की कक्षाएं संचालित हों।

तौसीफ़ अहमद ने बताया कि इस दौरान इकाई अध्यक्ष अब्दुल बारि व डॉयरेक्टर नमोनारायण मीना, पूर्व सरपंच मोहम्मद इस्हाक़, अबरार खान, दाऊद खान, मोहम्मद उस्मान व गाँव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# असलम की मौत का खुलासा नही हुआ

टोंक (रॉयल पत्रिका)। यहां बावड़ी चौराहा के आगे गाकसाबान रोड गड्डा पहाड़िया साईंपुरा बस्ती मे असलम नामक युवक की मौत के बाद अभी भी यह खुलासा नही हो पाया है कि उसकी मौत के पीछे किन-किन के हाथ रहे हैं। पुलिस जांच में जुटी हुई है वहीं मृतक के परिजनों का कहना है कि उन्हें लगता है कि असलम की हत्या की गई है। परिजनों का आरोप है कि उसके साथ किसी ने मारपीट की है और उसके बाद उसको छत से फेंका गया है। जिससे उसकी मौत हो गई। उल्लेखनीय है की अभी हाल ही में जयपुर के जयसिंहपुरा खोर स्थित आवासीय फ्लैट में असलम की मृत्यु होने की परिजनों को सूचना मिली थी। मृतक के पिता अकरम का कहना है की असलम जयपुर में ताजिया देखने गया था और वह एक युवती के साथ था। परिजनों को जब उसकी खबर लगी तो उन्होंने जयपुर के जयसिंहपुरा खोर में असलम को तलाशा। मृतक के पिता का कहना है कि उसके साथ मारपीट की गई। खबर मिलने के बाद पुलिस ने उसे जयपुर के ट्रॉमा अस्पताल में भर्ती कर दिया था। पिता के मुताबिक असलम टोंक में सेलुन की दुकान चलता था। इस दौरान उसकी एक युवती से पहचान हो गई थी। मृतक के पिता अकरम हुसैन का कहना है कि वे कई सालों से जयपुर में रहकर ऑटो चला रहा है। उसे नहीं पता था कि असलम जयपुर में है उसको तो इस हादसे की खबर लगने के बाद ही पूरी जानकारी मिल पाई बहर हाल मृतक के परिजनों में दुख की लहर है। तो वही हर कोई हादसे के पीछे की पूरी कहानी जानने को बेताब है । पुलिस पूरे मामलात के खुलासे की कोशिश में लगी हुई है। उधर असलम को जब टोंक में रात्रि में दफनाया गया तो बीच रास्ते में पढ़ने वाले शहर पुलिस थाना के सामने परिजनों ने उसके जनाजे को रोक दिया और नाराजगी प्रकट करते हुए प्रदर्शन करने लगे थाना अधिकारी के समझाने के बाद हालांकि वह मान गए और उन्होंने असलम को दफना दिया पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि वह दूध का दूध और पानी का पानी करके ही दम लेगी। अब बड़ा सवाल यह है कि असलम की मौत के पीछे किस-किस का हाथ रहा है। यह पुलिस की जांच के बाद ही पता चल पाएगा परिवार जनों को इस खुलासे का इंतजार है।



# पौधारोपण कर खाली भूमियों को वृक्षकुंज के रूप में करें विकसित: जिला कलक्टर

सवाई माधोपुर । मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान एवं अमृत पर्यावरण महोत्सव "एक पेड देश के नाम" कार्यक्रम को सफल बनाने के संबंध में जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत जिले में 15 अगस्त तक आमजन की सहभागिता से अधिक से अधिक स्थानों पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी संगठन उनके सदस्यों के माध्यम से आमजन को वृक्षारोपण के महत्व के बारे में जागरूक करें और उन्हें अधिक से अधिक पौधारोपण हेतु प्रेरित करें। सभी संगठन वृक्षारोपण अभियान के तहत स्वैच्छा से प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों के माध्यम से 10 लाख से अधिक पौधारोपण किया जा रहा है इसके अतिरिक्त सभी सामाजिक संगठनों, विभिन्न यूनियनों व आमजन द्वारा स्वैच्छा से अपने स्तर पर पौधारोपण कर सार्वजनिक व निजी खाली भूमियों को वृक्षकुंज के रूप में विकसित करें। उन्होंने सभी एसोशिएशन एवं संगठनों को अपने सदस्यों के साथ वृक्षारोपण अभियान में सहभागिता सुनिश्चित करने एवं वृक्षारोपण के बाद उनका संरक्षण और देखभाल की जिम्मेदारी निभाने की अपील की। बैठक के दौरान विप्र संवाद के राष्ट्रीय संयोजक मनोज पाराशर ने अपनी शादी की सालगिरह 21 पौधे लगाकर मनाई और उन्होंने मानसून के दौरान 1 पौधा प्रतिदिन लगाने का संकल्प भी लिया। जिला कलक्टर ने इस पहल का स्वागत करते हुए सभी नागरिकों से उनके परिजनों के स्मृति दिवस, शादी की सालगिरह, जन्म दिवस, सेवानिवृति, विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों पर पौधारोपण कर उनकी सारसंभाल करने का संकल्प लेने का संदेश सभी सामाजिक संगठनों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने की बात कहीं। बैठक के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरिराम मीना द्वारा सभी संगठनों द्वारा अमृत पर्यावरण महोत्सव संबंधी रूप रेखा पर चर्चा कर अधिक से अधिक पौधारोपण हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान पौधों के संरक्षण हेतु सब्जी मण्डी यूनियन के अध्यक्ष छोटूलाल वैष्णव द्वारा यूनियन की तरफ से 151 ट्री गार्ड एवं खाद्य व्यापार मण्डल के दिनेश कुमार जैन ने व्यक्तिगत स्तर पर 21 हजार रूपए ट्री गार्ड उपलब्ध कराने की बात कहीं। जिस पर अन्य संगठनों द्वारा अपने-अपने स्तर पर अधिक से अधिक पौधारोपण करने की जिम्मेदारी ली। बैठक में पर्यावरण ब्राण्ड एम्बेसेडर रामावतार मीना ने बताया कि उनके द्वारा विगत सात दिवस में उनके द्वारा 10 हजार से अधिक पौधे लगाए जा चुके है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभावों से पृथ्वी तथा आगामी पीढ़ियों को बचाने के लिए पौध-रोपण को सबसे सरल और सभी के द्वारा किया जा सकने वाला कार्य है। पौध-रोपण ही लू-तापघात जैसी प्राकृतिक आपदा का एक मात्र समाधान है। बैठक में जिला रसद अधिकारी बनवारी लाल शर्मा, जिला परिवहन अधिकारी पीआर मीना, सीएमएचओ डॉ. धर्मसिंह मीना, यूआईटी सचिव बृजेन्द्र मीना सहित राशन डीलर, पेट्रोल पम्प, गैस एजेन्सी संघ, कृषि उपज मण्डी, सब्जी मण्डी यूनियन, ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## ग़ज़ल

क़दम क़दम पे लुटेरों ने घर बनाए हैं
संभल के चलिए ऐतबार अब शहर में नहीं

सुकून धूप में मिलता ना सायबानों में
अजीब कैफियत है चैन किसी पहर में नहीं

वो तैरने की महारत तलाश करता है
जहां पानी किसी तालाब और नहर में नहीं

वो शौक़ शौक़ में देता रहा तलाक़े रंज
वजह रही कि ताकत किसी महर में नहीं

हवा में घुल रही गर्मी सुबह से शाम तलक
ये दौर है कि ठंडक किसी सहर में नहीं

-फ़ज़लुर्रहमान

पृष्ठ 1 का शेष

# मुख्यमंत्री के अग्रणी राजस्थान विजन...

। उन्होंने सफलतापूर्वक बजट पेश करने के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्त विभाग और उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि अब अग्रणी राजस्थान की संकल्पना को साकार करने के लिए इन बजट घोषणाओं को प्रभावी रूप से धरातल पर उतारना होगा। उन्होंने सभी उच्च अधिकारियों को बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

पंत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभागीय सचिव सप्ताह में एक बार बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना सुनिश्चित करें। यह भी निर्देश दिए कि घोषणाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिला प्रभारी मंत्री एवं जिला कलेक्टर से निरंतर संपर्क और समन्वय बनाए रखें। जिले में विद्त आपूर्ति, जल आपूर्ति जैसी अन्य आधारभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करें एवं इनसे जुड़ी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि बेहतर क्रियान्वयन हेतु आरंभिक कार्यों एवं उनकी कार्य प्रगति की निरंतर समीक्षा की जाए।

हरियाली तीज पर होगा महाअभियान

पंत ने कहा कि हरियाली तीज (7 अगस्त) को प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण होगा। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर हरियालो राजस्थान के तहत एक करोड़ से अधिक 'एक पेड़ मां के नाम' का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को हरियाली तीज के अवसर पर मुख्यमंत्री की मंशानुसार कार्यक्रम को साकार करने के लिए प्रत्येक स्तर पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण सुनिश्चित करने के लिए कहा।

मुख्य सचिव ने डीपीसी व सरकारी भर्ती प्रक्रियाओं की समीक्षा के दौरान कहा कि संबंधित अधिकारी नियुक्तियों की विज्ञप्तियों के निरंतर अद्यतन को सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया है कि संबंधित विभाग लंबित डीपीसी की सूचना उपलब्ध करवाएं व समय पर डीपीसी होना सुनिश्चित करें।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोरा, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण श्रीमती अपर्णा अरोरा, अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय और अधिकारिता कुलदीप रांका, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक, प्रमुख शासन सचिव पर्यटन श्रीमती गायत्री राठौड़, कार्मिक विभाग के प्रमुख शासन सचिव हेमंत कुमार गेरा, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास एवं आवासन टी. रविकांत, प्रमुख शासन सचिव, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग भास्कर सावंत, शासन सचिव वित्त (राजस्व) केके पाठक, शासन सचिव पीएचइडी डॉ. समित शर्मा एवं सम्बंधित विभागों के प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# पहले दिन 84 फीसदी से अधिक अभ्यर्थियों ने आजमाया भाग्य

## - राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा जयपुर शहर के 42 केन्द्रों पर हुआ परीक्षा का आयोजन

जयपुर। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं, संयुक्त प्रतियोगी (मुख्य) परीक्षा, 2023 का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा के प्रथम दिन शनिवार, 20 जुलाई 2024 को प्रथम पारी-प्रातः 09 बजे से दोपहर 12 बजे, द्वितीय पारी- दोपहर 3 बजे से सांय 6 बजे तक) जयपुर शहर के 42 केन्द्रों पर हुआ। जिसमें कुल 11 हजार 12 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) श्रीमती सुमन पंवार ने बताया कि जयपुर शहर के केन्द्रों पर पहली पारी में आयोजित सामान्य अध्ययन-प्रथम परीक्षा में 85.75 फीसदी से अधिक अभ्यर्थियों ने अपनी मेहनत एवं किस्मत को आजमाया। जयपुर में कुल पंजीकृत 11 हजार 12 अभ्यर्थियों में से 9 हजार 443 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। वहीं, 1 हजार 569 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने बताया कि दूसरी पारी में आयोजित सामान्य अध्ययन-द्वितीय परीक्षा में जयपुर शहर के केन्द्रों पर 84.99 फीसदी से अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। दूसरी पारी में 9 हजार 360 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। वहीं, 1 हजार 652 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित पाए गए। रविवार, 21 जुलाई 2024 को भी प्रथम पारी में सामान्य अध्ययन-तृतीय एवं द्वितीय पारी में सामान्य हिन्दी एवं सामान्य इंग्लिश विषय की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

राजस्थान लोक सेवा आयोग
सत्यमेव जयते
अजमेर

## रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका

रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद ।

-संपादक

Scan Here

# वेलफ़ेयर पार्टी ऑफ इंडिया राजस्थान में संगठन का विस्तार करेगी

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। वेलफ़ेयर पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष वकार अहमद की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय में एक बेठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किशनपोल विधानसभा अध्यक्ष

प्रदेशाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि पार्टी देश और लोगों की सेवा के लिए है और हम समस्त देश के नागरिकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर काम करना चाहते हैं और कर रहे हैं।



अब्दुल मन्नान की समझाइश पर आये लोगों को वेलफेयर पार्टी के बारे में समझाया गया।
प्रदेश महासचिव हसीन अहमद ने पार्टी का परिचय करवाते हुये कहा कि पूरे देश में वेलफेयर पार्टी एक मात्र ऐसी पार्टी है जो मूल्यों पर आधारित राजनीति करती है।

इस अवसर पर हनीफ़ जौहरी ज्वाइंट सैक्रेट्री,अब्दुल ग़फ़्फ़ार शहर अध्यक्ष जयपुर, तारिक़ अहमद अध्यक्ष जयपुर ग्रामीण, दीन मुहम्मद, रियाज़ अहमद, अब्दुल हकीम और कई पार्टी कार्यकर्ता मोजूद रहे।

# जयपुर के मदरसों में बनाए गए पक्षीघर

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। नो बेग डे पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध की पहल पर 20 जुलाई को जयपुर जिले के सभी मदरसा स्कूल में बेजुबान पक्षियों के लिए घर बनाने की गतिविधि घरोंधा निर्माण का आयोजन किया गया। इस दौरान निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया जैसे विधार्थियों ने समूह बनाकर गत्ते, पत्तियों, सुखी घास, सूखे तिनको आदि के प्रयोग से विभिन्न प्रकार के पक्षी घर बनाए। इन पक्षी घरों को विभिन्न रंगों के प्रयोग से सजाया गया। अच्छे पक्षी घर बनाने वालें समूह को पुरस्कार दिया गया। अच्छे एवं मजबूत पक्षी घरों को दीवार पर सुरक्षित स्थान पर लगाया भी गया।इस दौरान पक्षियों के पानी पीने हेतु परिंडे भी बनाए गए।





सिद्ध ने बताया कि इस तरह की गतिविधि से जहाँ विधार्थियो में बचपन से ही पक्षियों के प्रति प्रेम की भावना का विकास होता हैं वहीँ इस तरह की गतिविधियों से विधार्थियो की क्रिएटिविटी भी प्रकट होती हैं ।

# हर कौम पुकारेगी हमारे हैं हुसैन...

***-'सांप्रदायिक सौहार्द' के प्रतीक हैं जयपुर के मोहर्रम***
***-जयपुर के पूर्व दरबार के ताजिए की परंपरा आज तक है कायम***
***क्या सिर्फ मुसलमान के प्यारे हैं हुसैन***
***अर्शे नोहे बशर के तारे हैं हुसैन***
***इंसान को बेदार तो हो लेने दो***
***हर क़ौम पुकारेगी हमारे हैं हुसैन***

**इक़बाल ख़ां**

हमारे देश की गंगा-जमुनी तहजीब को जिंदा बनाए रखने में हमारे तीज त्योहार और धार्मिक पर्व एक तरह से आज भी एक अटूट जंजीर का सा काम करते हैं। टूटते जा रहे एकल परिवारों के इस दौर में भी आज तक हमारे त्योहार हमारे अस्तित्व का भान कराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते आ रहे हैं और खासतौर से राजस्थान के बारे में तो आठ दिन और नौ त्योहार वाली कहावत हमारी विभिन्न संस्कृतियों के गुलदस्ते को महकाती रहती है। इन परंपराओं में प्रगाढ़ता लाने में विशेष कर मुस्लिम समुदाय के अधिकतर लोग हजरत इमाम हुसैन की याद में मोहर्रम को जिस श्रद्धा और जुनून के साथ मनाते हैं उसकी मिसाल कहीं और देखने सुनने को कम ही मिलती है।



**हुसैन बाबा के ताजिए के नीचे से निकलते हैं**

ऐसा नहीं कि सिर्फ मुस्लिम ही हजरत इमाम हुसैन को मानते हैं बल्कि हिंदू समुदाय के अधिकतर पुरानी पीढ़ी के लोग भी हजरत इमाम हुसैन को किसी ना किसी रूप में याद रखते व खुद को और अपने बच्चों को मोहर्रम के दौरान ताजिए के नीचे से निकालने को काफी महत्व देते हैं। कहा जाता है कि ऐसा करने से बच्चों की उम्र बढ़ती है और बीमारियां दूर होती हैं।

**ताजिए पर चढ़ाते हैं मेहंदी**

मोहर्रम की पहली तारीख से ही इसके मानने वाले शादी या अन्य किसी खुशी के काम को करीब 40 दिनों के लिए आगे सरका देते है या उनसे पहले कर लेते हैं। ताजियों के दौरान मोहर्रम की सात तारीख को ताजियों पर चढ़ाई जाने वाली मेहंदी की रस्म को ना सिर्फ मुस्लिम ही मानते हैं बल्कि अनेक हिंदू भाई भी ताजियों पर हुसैन बाबा के यहां मेहंदी पेश करते हैं और मन्नत मांगकर बाबा के नाम की डोरी पहनते हैं।

**मोहर्रम के दिनों में मजलिसें**

मोहर्रम के 40 दिनों तक होने वाली मजलिसों में हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में बड़े अदब के साथ जगह जगह मजलिसें आयोजित होती हैं, जिनमें हक़ पर दी गई उनकी कुरबानी और उनके व्यक्तित्व पर रोशनी डाली जाती है। साथ ही सस्वर नोहे और मरसिए आदि पढ़े जाते हैं। इन्हीं में हजरत इमाम हुसैन की चाहत और प्रशंसा में यह भी पढ़ा जाता है कि क्या सिर्फ मुसलमान के प्यारे हैं हुसैन, अर्शे नोहे बशर के तारे हैं हुसैन, इंसान को बेदार तो हो लेने दो हर कौम पुकारेगी हमारे हैं हुसैन।

**13 दिनों तक नहीं होता गाना बजाना**

मोहर्रम अधिकतर मुस्लिम अपने अपने तरीके से मनाते हैं, इसमें जहां जयपुर के ताजिए बनाने वाले करीब करीब साल भर ताजिए बनाने पर ध्यान केंद्रित रखते हैं, वहीं पर ज्यादातर मुस्लिम फनकार या कलाकार इस दौरान करीब 13 दिनों तक अपनी कला का प्रदर्शन बंद कर केवल हजरत इमाम हुसैन के ग़म में डूबे रहते हैं। यहां तक की गाने बजाने वाली तवायफें भी अपना गाना बजाना बंद कर हजरत इमाम हुसैन के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धा प्रकट करती हैं।

**जयपुर दरबार का ताजिया**

जयपुर में जहां पूरे हिंदुस्तान में बांस, अभ्रक, कपड़ा प्लास्टिक, कचकड़ा और थर्माकोल आदि के आकर्षक ताजिए बनाए जाते हैं, वहीं यहां जयपुर दरबार का सोने चांदी का ताजिया भी अपनी अलग ही छटा बिखेरता है। जयपुर के ही कुछ अन्य मोहल्लों में भी चांदी सोने के ताजिए पाए जाते हैं।

# सुन्दर नगर की नव कार्यकारिणी गठित

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। दिल्ली बाईपास रोड स्थित जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित सुन्दर नगर की सुन्दर नगर विकास समिति की कार्यकारणी के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए । उपचुनाव अधिकारी डॉक्टर अबराब अली ने बताया कि सुंदर नगर विकास समिति के चुनाव में डॉक्टर मशकूर अहमद, अध्यक्ष एडवोकेट मुजाहिद अख्तर सचिव, जुनेद अख्तर (आसिफ) व ज़ाकिर हुसैन उपाध्यक्ष, शाकिर ख़ान व फ़िरोज़ अख्तर संयुक्त सचिव व फैसल शम्सी कोषाध्यक्ष, अदनान अहमद, मीडिया प्रभारी निर्वाचित हुए । इसी तरह अज़मत खान, बंटी खान, नावेद खान, मोहम्मद इशाक नक़वी, मेहबूब खान, डॉक्टर तौफ़ीक़ अहमद, नईम खान, साहेबे आलम (शादाब), मुजीबुर्रहमान, कार्यकारणी सदस्य निर्वाचित हुए । मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट हिफ़्ज़रहमान रहे व नव कार्यकारणी ने निर्विरोध चुनाव संपन्न करवाने पर चुनाव अधिकारीयों का आभार व्यक्त किया ।





# सट्टे के कारोबारियों पर पुलिस की कार्यवाही

## -12780 रूपये जप्त कर लाखों रूपयो की सट्टा पर्ची बरामद की।

जयपुर(रॉयल पत्रिका)। पुलिस उपायुक्त जयपुर-उत्तर राशि डोगरा डूडी आईपीएस ने बताया कि जयपुर-शहर में सट्टे के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही हेतु अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त द्वितीय बजरंग सिंह व सहायक पुलिस आयुक्त शास्त्रीनगर भोपालसिंह भाटी एवं जिला स्पेशल टीम जयपुर उत्तर प्रभारी धर्मसिंह पुलिस निरीक्षक के निर्देशन में राकेश ख्यालिया पुलिस निरीक्षक, थानाधिकारी पुलिस थाना विधाधरनगर जयपुर उत्तर के सुपरविजन में टीम का गठन किया गया।

गठित टीम को सूचना मिली कि विधाधरनगर में कई जगह सट्टे की पर्चीयो से खाईवाली हो रही है। इसी क्रम में सयुक्त टीम द्वारा श्याम पार्क पुराना विधाधरनगर में शक्स एजाज को गिरफतार कर उसके कब्जे से 3700 रूपये सट्टे के हिसाब की पर्चीयॉ एवं पेन कॉपी बरामद कर प्रकरण संख्या 374/2024 धारा 13 आरपीजीओ में दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। मन्दिर मोड सर्किल विधाधरनगर से शिवम कुमार को गिरफतार कर उसके कब्जे से 500 रूपये सट्टे के हिसाब की पर्चीयॉ एवं पेन कॉपी बरामद कर प्रकरण संख्या 375/2024 धारा 13 आरपीजीओ में दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। हनुमान जी के मन्दिर के पास रोड न0 1 से जीतराम को गिरफतार कर उसके कब्जे से 4010 रूपये सट्टे के हिसाब की पर्चीयॉ एवं पेन कॉपी बरामद कर प्रकरण संख्या 376/2024 धारा 13 आरपीजीओ में दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। अम्बाबाडी सर्किल विधाधरनगर से मोहम्मद शाहरूख को गिरफतार कर उसके कब्जे से 770 रूपये सट्टे के हिसाब की पर्चीयॉ एवं पेन कॉपी बरामद कर प्रकरण संख्या 377/2024 धारा 13 आरपीजीओ में दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। इन्द्रा रसोई के पास सीकर रोड न 1 पर नरेन्द्र जाटव को गिरफतार कर उसके कब्जे से 1500 रूपये सट्टे के हिसाब की पर्चीयों एवं पेन कॉपी बरामद कर प्रकरण संख्या 378/2024 धारा 13 आरपीजीओ में दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। अल्का डेयरी बूथ के पास से मुकेश प्रजापत का गिरफतार कर उसके कब्जे से 2300 रूपये सट्टे के हिसाब की पर्चीयों एवं पेन कॉपी बरामद कर प्रकरण संख्या 379/2024 धारा 13 आरपीजीओ में दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। टीम द्वारा राजस्थान सार्वजनिक द्त अध्यादेश 1949 में कुल 6 प्रकरण दर्ज करवाकर सट्टा रकम 12780 रूपये बरामद करवाये।

# कम्युनिस्ट पार्टी की राजस्थान राज्य कमेटी की बैठक जयपुर में सम्पन्न

जयपुर(रॉयल पत्रिका)। बैठक में लिये गये निर्णयों की जानकारी देने के लिए रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस प्रेस वार्ता को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की पोलित ब्यूरो सदस्या और राज्य की प्रभारी का.बृंदा कारात और पार्टी राज्य सचिव का.अमराराम ने संबोधित किया।

प्रेस वार्ता में का बृंदा कारात और का.अमराराम ने बताया कि बैठक में राज्य की भाजपा-आरएसएस सरकार के कार्यकाल में लागू की जा रही जनविरोधी नीतियों गंभीर चिंता प्रकट करते हुए उनके ख़िलाफ़ आंदोलन करने का फैसला किया गया। विगत आठ महीने में राज्य की भजन लाल शर्मा सरकार ने जहां राज्य के वातावरण में साम्प्रदायिकता का जहर घोलने का किया है, वहीं दूसरी ओर अपनी जनविरोधी नीतियों से राज्य की आम जनता मजदूर, किसान, छात्र-युवा-महिला सभी हिस्सों के हितों पर कुठाराघात करने का काम किया है।

पूरे राज्य में अघोषित बिजली कटौती ख़ासतौर पर ग्रामीण इलाकों में इस भीषण गर्मी में हर रोज 7-8 घण्टे की अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। राज्य के अनेक इलाकों में जनता गंभीर पेयजल संकट से जूझ रही है। बेतहाशा बढ़ती हुई महंगाई की मार से राज्य की जनता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है।

राज्य में युवा बेरोजगारों को रोजगार देने की योजना बनाने की बजाय युवाओं का रोजगार छीनने का काम कर रही है। राज्य में किसानों की जमीनों की नीलामी की घोषणा से किसानों में भारी भय व्याप्त है।पिछले आठ महीनों में राज्य में महिलाओं और मासूम बच्चियों पर यौन हिंसा और उत्पीड़न की घटनाओं में भारी बढ़ोतरी हुई है।

राज्य सरकार के मंत्री और शासक दल के विधायक राज्य का साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने और माहौल ख़राब करने पर उतारू हैं।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने तो एक कदम आगे बढ़ते हुए अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा दिवस 22- जनवरी को राजस्थान के सभी स्कूलों में उत्सव मनाने की घोषणा कर दी है।

आज़ राज्य में इस क़दर साम्प्रदायिक माहौल तैयार कर दिया गया है कि चूरू जिले के राजगढ़ कस्बे में तथाकथित गौरक्षकों द्वारा गौरक्षा के नाम पर दो विश्नोई युवकों के साथ गंभीर मारपीट की गई, भरतपुर में ईसाई परिवार पर हमले जैसी गंभीर घटनायें घटित हो रही हैं।

पार्टी की राज्य कमेटी ने फैसला किया है कि जनता पर हो रहे इन गंभीर हमलों पर पार्टी खामोश नहीं रहेगी और भाजपा-आरएसएस की भजन लाल शर्मा की जनविरोधी नीतियों के जनसंघर्ष छेड़ेगी।

पार्टी की राज्य कमेटी ने आज संघर्ष का ऐलान करते हुये 31-जुलाई 2024 को पूरे राज्य में जिला और तहसील स्तर पर प्रदर्शन किया जायेगा।

# तेरी बेमिसाल शहादत को सलाम जीवन भर याद रखेगा आवाम

## -जुलूस ए मोहर्रम पर सांगानेर के समाजसेवियों का किया सम्मान

सांगानेर(रॉयल पत्रिका)। इंसाफ और सच्चाई को जिंदा रखने के लिए फौजों या हथियारों की जरूरत नहीं होती है कुर्बानियां देकर भी फतह (जीत) हासिल की जा सकती है। जैसे कि इमाम हुसैन ने कर्बला में करके दिखाया। आज भी मुस्लिम समाज के लिए नए-नए कानून पैदा किये जा रहे हैं। मुसलमानों को डराया धमकाया जा रहा है लेकिन डरने का नहीं हम हुसैनी वाले हैं जोर-जुल्म की टक्कर पर यही हमारा नारा है, सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा है। हम बुलबुले हैं इसकी यह गुलिस्तां हमारा है। हर दिलों- जां न्यौछावर ए वतन तेरे लिए। दिल दिया है जान भी देंगे ए मेरे प्यारे वतन हिन्दस्तान तेरे लिए। इन्हीं जिज्ञासों के साथ, ऐसी ही राष्ट्रवादी भावनाओं के सोच के साथ सांगानेर में निकला मोहर्रम का मातमी जुलूस। हजारों



अकीदतमंदों ने पेश किए गुलाब के फूल। हर साल की भांति इस साल भी मोहर्रम कमेटी सिपाईयान ने किया सांगानेर मैन बाजार तिराहे पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों और प्रशासनिक अधिकारियों का सम्मान। इस कड़ी में राष्ट्रीय मानव अधिकार पर्यावरण सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन नई दिल्ली सांगानेर विधानसभा अध्यक्ष दिनेश शर्मा, मनमोहन सोनी, मोनू भैया, सोनू भैया, राजीव चौधरी बबलू का साफा पहनाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर कमेटी के पदाधिकारी रशीद भाई, सलीम भाई, अब्दुल मजीद, अफजल इस्लाम (राजा भाई) मन्नू भाई, जाहिद भाई, इमरान खान, इसरार खान, जावेद जाफरी, हनीफ भाई, कल्लू भाई आदि उपस्थित रहे। सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य हमारी संस्कृति, हमारे संस्कार,हमारी गंगा- जमुनी तहजीब, देश की एकता अखंडता को मजबूत बनाए रखना है।

# मुख्यमंत्री की नगरी सांगानेर में नगर निगम प्रशासन बना पंगु

## -जेडीए की मिली भगत से अवैध निर्माण कार्य चल रहे हैं जोरों पर

**सादिक हिन्दुस्तानी**

सांगानेर जयपुर(रॉयल पत्रिका)। ग्रेटर हो या हेरिटेज नगर निगम दोनों महान है। दोनों नगर निगमों में अवैध निर्माण का चल रहा है काम । नगर निगम ग्रेटर सांगानेर जोन तीन भागों में विभाजित होकर मानसरोवर, प्रताप नगर, सांगानेर, नगर निगम प्रशासन एवं जेडीए के लिए सोने की खान के समान है। सांगानेर जयपुर शहर का आर्थिक जोन कहलाता हैं। सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला क्षेत्र सांगानेर ही है। भवन निर्माण की मलाईदार शाखा में बैठे कुछ लोग ईमानदारी का चोला ओढ़कर और कुछ लोग भ्रष्टाचार की चादर फैलाएं अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। सांगानेर जोन में हजारों टॉवर, मॉल, बगैर नियम, कायदे, कानून के बन चुके हैं, या धड़ल्ले से बन रहे हैं। प्रताप नगर सेक्टर 8 सेक्टर 9 सेक्टर 4, रामपुरा रोड सांगानेर वार्ड 91 प्लॉट नंबर 151 देव नगर ए में स्थानीय निवासियों की शिकायत



करने के बावजूद भी बगैर रोक-टोक के बिना डर,खोप के निर्माण कार्य चल रहा है। इसका क्या मतलब है। आप और हम अच्छी तरह से जानते हैं, और समझते हैं। गांधी के तीन बंदर आंखों में पट्टी बांधकर गूंगे-बहरे बनकर अपने कार्य को पूर्ण करने में तन्मयता से लगे हुए हैं। सीएमओ प्रशासन को जानकारी प्राप्त नहीं हुई है, या मूक दर्शक बना हुआ है। नगर निगम एवं जेडीए में भवन निर्माण शाखा एक ऐसी शाखा है, जिसमें सभी अधिकारी हमेशा एक्टिव मोड पर रहते हैं। ऐसे महानुभावों को ढूंढ कर आय से अधिक संपत्ति का एवं आईटी नियम के तहत जानकारी प्राप्त करने का कार्य शीघ्र करना अति आवश्यक है। जिससे सरकार के खजाने में चूना लगाने वालों की जानकारी प्राप्त हो सके, और उनको शासन के प्रति चार सौ बीसी करने की सजा मिल सके। इस कार्य को आप और हम सभी जागृत लोग ही कर सकते हैं। अब देखते हैं, शासन, प्रशासन एवं सीएमओ प्रशासन इस ओर कितना ध्यान देता हैं। या धड़ल्ले से चल रही जनता की पसीने की कमाई की लूटपाट ऐसे ही चलती रहती है। या फिर अंकुश लगाकर दोषियों को सजा मिलती है।

# पर्यावरण संरक्षण पर सरंचनात्मक प्रोजेक्ट पर अक्षिता तेजवानी सम्मानित

## -वर्क संस्था ने किया सम्मान

जयपुर(रॉयल पत्रिका)। महारानी गायत्री देवी गर्ल्स स्कूल जयपुर की कक्षा बारहवीं की छात्रा अक्षिता तेजवानी ने पर्यावरण संरक्षण हेतु सरंचनात्मक प्रोजेक्ट बनाकर संदेश दिया कि पानी का सदोपयोग हो,तथा पेड़ को बचाया जाए।उक्त कार्य के लिए महारानी गायत्री देवी गर्ल्स स्कूल की प्रिंसपल श्रीमती अर्चना एस मनकोटिया ने छात्रा अक्षिता तेजवानी की भूरि भूरि प्रशंसा की।वर्क संस्था ने तत्काल ही अक्षिता तेजवानी पुत्री हेमचंद तेजवानी के परिवार से मिलकर छात्रा को सम्मानित कर हौंसला बढ़ाया।वर्क वूमेन विंग से लुबेना फिरदौस, सबा परवीन,रूबीना तबस्सुम के अलावा वर्क राजस्थान हेड लाइक हसन,वर्क प्रवक्ता सैयद असगर




अली ने छात्रा को आगे भी देश के निर्माण में सर्जनात्मक कार्य करने हेतु प्रेरित किया।अक्षिता तेजवानी ने पुरुस्कार पाकर गौरवंतित महसूस किया और बताया कि कांच को बचाने हेतु में कार्य कर चुकी हैं जिसके लिए ग्लास कंपनी ने उनका सम्मान कर कैलेंडर पर जगह दी। भारत सरकार की योजना एस आई एच में भाग लिया और इनाम प्राप्त किया।एडवोकेट हेमचंद तेजवानी ने बताया कि उनकी पुत्री बहुत गुणवान है और हमारा तथा स्कूल का अभिमान है।नेहा तेजवानी ने बताया कि अक्षिता राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 200 से ज्यादा अचीवमेंट हासिल कर चुके हैं।वर्क संस्था भारत में सतयुग के आगमन हेतु कार्य कर रही है।

# समर्पण संस्था ने हरमाडा के डॉ. अम्बेडकर पार्क में किया वृक्षारोपण

## -हरियाली बढ़ाने में हर व्यक्ति अपना योगदान दें- अनिल कुमार जैन

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। पेड़ लगाकर हरियाली बढ़ाने में हर व्यक्ति को अपना योगदान देना चाहिए ।पेड़ ही जीवनदायी ऑक्सीजन के मुख्य स्रोत है । धरती पर प्रत्येक जीव जन्तु का जीवन पेड़ों पर ही निर्भर है ।" उक्त विचार रविवार को सीकर रोड पर हरमाडा स्थित डॉ. अम्बेडकर पार्क में समर्पण संस्था द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधान आयकर आयुक्त अनिल कुमार जैन ने व्यक्त किये ।

उन्होंने कहा कि " वृक्षारोपण को गंभीरता से लेकर नियमित पेड़ लगाने चाहिए ।सामाजिक संस्थाओं को सरकार के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण की योजनाओं में जनशक्ति के साथ योगदान देना चाहिए "

इससे पूर्व वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत समर्पण प्रार्थना के साथ की गई जिसे आर्किटेक्ट अंजली माल्या व सुवज्ञा माल्या ने उच्चारित करवाया ।

संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या ने सभी का स्वागत अभिनंदन करते हुए संस्था गतिविधियों की जानकारी दी और पर्यावरण संरक्षण पर विचार व्यक्त किये ।

कार्यक्रम में संस्था सदस्यों द्वारा पार्क में छाया, फल व सौन्दर्य के कुल 27 बड़े पेड़ लगाये गये ।डॉ. अम्बेडकर विचार मंच समिति के स्थानीय सदस्यों ने पेड़ों की नियमित देखभाल की ज़िम्मेदारी ली ।



इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि आपके सवाल चैनल के संचालक श्री अनिल कुमार अग्रवाल व डॉ. अम्बेडकर विचार मंच समिति के ज़िला अध्यक्ष श्री महता राम काला ,समाजसेवी रामेश्वर सेवार्थी, आर्किटेक्ट राम प्रसाद लोदिया, हीरा लाल बैरवा, भगवान सिंह, गौरव राज जन्डेल, गिरधारीलाल उदय , राम स्वरूप महावर सहित अनेक गणमान्य नागरिक व संस्था सदस्य उपस्थित रहे ।

रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

## बढ़ती भेदभाव की घटनाएं चिंताजनक हैं

सांसद, विधायक, मंत्री, मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री बनते समय संविधान की शपथ लेते है और देश के सामने वादा करते है कि धर्म, जाति, और वर्ग एवं छोटे, बढ़े व संस्कृति के आधार पर वे किसी से भेदभाव नहीं करेंगे। लेकिन वर्तमान समय में देश में ज्यादातर विधायक, सांसद जो संवैधानिक पदों पर बैठें हैं, संविधान की शपथ का और संविधान का खुलकर उलंग्न कर रहें हैं। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने मुज्जफरनगर जिले में कांवड़ यात्रा के मार्ग में दुकानदारों, ढाबों, पान वालों, ठेले वालों, खाने की होटलों, चाय लस्सी की दुकानों पर संचालक का नाम लिखने का फरमान जारी किया है। ऐसा फरमान इसलिए दिया गया है जिससे कावड़ियें खाना, पानी एवं अन्य वस्तुओं को पवित्र जगह से खरीद सकें। कई लोगो के आदेश के पक्ष में वीडियों वायरल कर रहें हैं कि मुसलमान दुकनदारों का पता नहीं चल पाता है और हिन्द उनसे सामान खरीद लेते है। इसलिए नाम लिखने का योगी सरकार का फैसला बिल्कुल सही है। विपक्षी दल भाजपा सरकार के इस भेदभाव वाले आदेश का विरोध कर रहें है। देश में भाजपा पहले से कमजोर हुई है फिर भी धार्मिक उन्माद की गतिविधियाँ देश में बढ़ती जा रही है। भाजपा भेदभाव की जो नीतियाँ अपना रही है वह देश के धर्मनिरपेक्ष, बहुसंस्कृति एवं विविधता भरे आर्थिक, सामाजिक ताने बाने को नुकसान पहुंचाने वाला कदम है। यदि यह भेदभाव की परम्परा जातियों में चली गयी तो प्रत्येक जाति का ग्राहक अपनी जाति के दुकानदार से सामान खरीदने लगेगा। ऐसे में देश का वैश्य वर्ग जिसका देश के 80 प्रतिशत व्यापार पर कब्जा है बेरोजगार और कंगाल हो जाएगा। स्कूलों, कॉलेजों में भी संचालक की जाति के छात्र ही पढ़ेंगे। फैक्ट्रियों में भी जाति के आधार पर कर्मचारी और मजदूर रखे जाएंगे। ऐसे में देश में आर्थिक ऊथल-पुथल होने लगेगी। भाजपा अयोध्या जैसी धार्मिक और हिन्दु प्रतिष्ठा की लोकसभा सीट पर हार जाती है, फिर भी हिन्दुओं की नाराजगी से सबक नहीं सीख रही है। भाजपा नेता शुभेन्दु अधिकारी ने भाजपा में अल्पसंख्यक मोर्चा का विरोध किया तो दूसरी तरफ असम के मुख्यमंत्री हेमन्त बिश्वा शर्मा ने मुसलमानों की जनसंख्या रोकने के लिए कढ़े कदम उठाने की कसम खाई। भाजपा नेता युवाओं में बढ़ती मंहगाई पर कभी बात नहीं करते है। जबकि वर्तमान में बढ़ती बेरोजगारी और मंहगाई देश के गरीबों, मजदूरों और किसानों के लिए बढ़ी समस्या बन गयी है। देश के युवाओं को रोजगार देने के बजाय उनकों धार्मिक आधार पर आपस में लड़ाने की तैयारी की जा रही है। मौजूदा केन्द्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार की यह नीति देशहित में नहीं है।

## मां की दुआ

हज़रत मूसा अलेहिस्सलाम ने एक दफा अल्लाह तआला से पूछा कि जन्नत में मेरे साथ कौन होगा? इरशाद हुआ: "फलां कस्साब (कसाई) होगा।"

आप कुछ हैरान हुए और उस कस्साब की तलाश में चल पड़े। वहां देखा तो एक कस्साब गोश्त फरोख्त करने में मसरूफ था। अपना काम खत्म करके उसने गोश्त का एक टुकड़ा कपड़े में लपेटा और घर की तरफ रवाना हो गया। हज़रत मूसा अलेहिस्सलाम ने उस कसाई के बारे में और कुछ जानने के लिए बतौर मेहमान उसके साथ घर चलने के लिए इजाज़त चाही।

घर पहुंचकर कसाई ने गोश्त पकाया, फिर रोटी पकाकर उसके टुकड़े गोश्त में भिगोये ताकि वह नर्म हो जाएं और दूसरे कमरे में चला गया, जहां एक नहायत कमज़ोर बुढ़िया पलंग पर लेटी हुई थी। कस्साब ने बमुश्किल उसे सहारा देकर उठाया और एक एक लुकमा उसके मुंह में देता रहा। जब उसने खाना खिला दिया तो बुढ़िया का मुंह साफ किया। बुढ़िया ने कस्साब को उसके कान में कुछ कहा, जिसको सुनकर कसाई मुस्कुराया और बुढ़िया को वापस लिटाकर बाहर आ गया। हज़रत मूसा अलेहिस्सलाम यह सब कुछ देख रहे थे, आप ने कस्साब से पूछा, यह "औरत कौन है और इसने तेरे कान में क्या कहा, जिस पर तू मुस्कुरा दिया।"

कस्साब बोला, "ए अजनबी यह मेरी मां है" घर में आने के बाद में सबसे पहले उसके काम करता हूँ । यह रोज़ खुश होकर मुझे दुआ देती है कि अल्लाह तुझे जन्नत में हज़रत मूसा अलेहिस्सलाम के साथ रखे, जिस पर मैं मुस्कुरा देता हूँ कि भला मैं कहां और मूसा अलेहिस्सलाम कहां। अल्लाह तआला हम सब को कस्साब की राह अपनी मां की खिदमत करने की तौफीक अता फरमाए। (आमीन)

-हबीबुल्लाह एडवोकेट

# अयोध्या की रंगत बदलने की सरकारी क़वायद के पीछे रहवासियों की भलाई का भाव नहीं है

***-उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा कमीशन किए गए भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान का अध्ययन बताता है कि राज्य सरकार 85,000 करोड़ रुपये के निवेश से वर्ष 2033 तक अयोध्या को 'दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शहरों में से एक' बनाने को 'तैयार' है। हालांकि, अयोध्यावासी पिछले कामों का हश्र देखने के बाद आशान्वित नहीं हैं।***

**उत्तर प्रदेश ।** ये पंक्तियां लिखने तक अयोध्या के कारण कुछ ज्यादा ही महत्वपूर्ण हो गई उत्तर प्रदेश की फैजाबाद लोकसभा सीट से भाजपा की हार को अनेक कोणों से व्याख्यायित व विश्लेषित किया जा चुका है। फिर भी एक कोण छूट गया लगता है ।

यह कि उसकी इस हार ने साफ कर दिया है कि सत्तारूढ़ दलों द्वारा अस्मिताओं की राजनीति, धार्मिक-सांप्रदायिक भावनाओं के अंधाधुंध दोहन के रास्ते मतदाताओं पर लगातार 'इमोशनल अत्याचार', जमीनी हकीकतों को झुठलाने वाली, असंतुलित व अदूरदर्शी विकास योजनाओं के लिए सरकारी खजाना खोले रखने की 'दरियादिली' और संवैधानिक मूल्यों को मुंह चिढ़ाकर प्रधानमंत्री तक को 'धर्माधीश' बना डालने का 'शातिराना' हमेशा जीत की गारंटी नहीं होता।

जिस पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा में इस बाबत जो कुछ कहा, उसे माने तो इस गारंटी के न होने से भाजपा भी अनजान नहीं थी।

राहुल के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फैजाबाद से चुनाव लड़ने का अपना 'अरमान' इसलिए पूरा नहीं कर पाये क्योंकि उनकी ओर से वहां जो दो चुनावपूर्व सर्वे कराए गए, दोनों का निष्कर्ष था कि वे हार सकते हैं । इसके बाद विवश होकर वे अपने पुराने चुनाव क्षेत्र वाराणसी से ही चुनाव लड़े और किसी तरह 'बच निकले ' ।

**शेखचिल्ली का सपना या...?**

लेकिन उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा कमीशन किए गए भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (जिसका मुख्यालय अहमदाबाद में स्थित है) के एक अध्ययन के निष्कर्षों से लगता है कि भाजपा की उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार को यह बात अभी भी ठीक से समझ में नहीं आई है ।

अध्ययन के अनुसार यह सरकार 85,000 करोड़ रुपये के निवेश से वर्ष 2033 तक अयोध्या को 'दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शहरों में से एक' बनाने को 'तैयार' है ।

भले ही उसके द्वारा अयोध्या में निर्मित राम पथ वगैरह की पहली ही बारिश में हुई बदहाली के मद्देनजर उसका यह तैयार होना शेखचिल्ली के सपने जैसा नजर आता हो, इसे लेकर वह किसी असमंजस या संकल्प-विकल्प में फंसी नहीं दिखती।

उसकी अब तक की रीति-नीति के मद्देनजर यह तो कोई बताने की बात ही नहीं है कि उसके निकट 'अयोध्या को सर्वश्रेष्ठ' बनाने की तैयारियों का एक ही अर्थ है: हिंदुत्ववादियों के अस्मिताबोध की तुष्टि के प्रयत्न और तेज करना ।

आगे बढ़ने से पहले आंक लेना बेहतर होगा कि 85,000 करोड़ रुपयों की यह धनराशि कितनी बड़ी है । और इसके लिए किसी विशेषज्ञता की जरूरत नहीं है। सामान्य ढंग से इसे यों आंक सकते हैं कि गोवा के वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में ऋण अदायगी को छोड़कर कुल 24,571 करोड़ रुपये का व्यय ही निर्धारित था, जबकि मणिपुर के बजट में यह व्यय 30,312 करोड़ रुपये था।

इसी तरह मेघालय के उक्त वित्तवर्ष का कुल बजट खर्च 21,034 करोड़ रुपये, मिजोरम का 12,767 करोड़ रुपये, नगालैंड का 16,904 करोड़ रुपये, त्रिपुरा का 26,726 करोड़ रुपये और हिमाचल प्रदेश के बजट का कुल बजट खर्च 47,296 करोड़ रुपये निर्धारित था।

साफ है कि अयोध्या के प्रति 'दरियादिल' योगी सरकार उसकी तस्वीर बदलने के लिए इन राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के वार्षिक बजट व्यय से दोगुनी-तिगुनी धनराशि का निवेश कर या करा रही है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्र सरकार द्वारा अयोध्यावासियों के लिए घोषित 'सौगातें' इसके अतिरिक्त हैं।

**तो नया सवेरा होता!**

**सोचिए जरा:** अयोध्या को 'दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शहरों में से एक' बनाने के बहाने इतनी धनराशि हिंदुत्ववादियों के अस्मिताबोध को तुष्ट करने पर खर्च करने के बजाय अयोध्या के निवासियों के जीवन की दुश्वारियां दूर करने और उसका स्तर सुधारने के लिए खर्च की जाती तो कितना अच्छा होता!

तब वहां जो प्रति व्यक्ति वार्षिक आय उत्तर प्रदेश के औसत और 57 हजार दोनों से कम है, वह बढ़ती और हार्वर्ड विश्वविद्यालय के एक शोध के अनुसार, वहां के जो पचास प्रतिशत बच्चे कुपोषित हैं, उनके जीवन में भी नया सवेरा आता।

तब इस सवेरे के लिए वे पर्यटन व तीर्थाटन आधारित 'उद्योगों' से बेहिस उम्मीदें रखने को मजबूर न होते । बड़ी संख्या में अयोध्यावासी चौड़ी सड़कों के लिए अपने घरों, दुकानों व प्रतिष्ठानों से विस्थापित भी नहीं होते, न ही रोजी-रोटी से महरूम, न उनके समक्ष 'होगा कठिन यहां भी जीना, दांतों आ जाएगा पसीना' जैसे हालात पैदा होते और न उनमें असंतोष भड़कता ।

लेकिन इसके उलट इस धर्मनगरी के विकास के सरकारी मंसूबे का ज्यादातर तकिया इस संभावना पर है कि यह जल्दी ही पर्यटन नगरी में बदल जाएगी और पर्यटकों, श्रद्धालुओं व तीर्थयात्रियों के रेलों पर रेले आएंगे तो अयोध्यावासियों की चांदी हो जाएगी ।

लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार के बाद उसके क्रुद्ध समर्थकों ने इसी के मद्देनजर निर्माणाधीन भव्य मंदिर में भगवान राम के दर्शन-पूजन के लिए आने वालों का 'आह्वान' किया था कि वे अयोध्या आएं तो उसके 'नाशुक्रों' को मजा चखाने के लिए वहां चवन्नी भी खर्च न करें ।

शायद उन्हें मालूम नहीं था कि अयोध्या में संचालित कई हवाहवाई सरकारी योजनाओं के गुब्बारे लोकसभा चुनाव से पहले ही फूटने लगे थे और सरकार समर्थक समाचार व प्रचार माध्यम उनमें हवा भरने की कोशिशें करते थे, तो अयोध्यावासियों में खीझ भर जाती थी । तब उनमें से अनेक को मशहूर शायर दुष्यंत कुमार की ये पंक्तियां याद आने लगती थीं: तुम्हारे पांव के नीचे कोई जमीन नहीं, कमाल ये है कि फिर भी तुम्हें यकीन नहीं । मैं बेपनाह अंधेरों को सुबह कैसे कहूं, मैं इन नजारों का अंधा तमाशबीन नहीं ।

**ढोल फूटे!**

ताजा हालात पर लौटें, तो डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय तक की भूमि लेकर जिस अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले युद्धस्तर पर निर्मित करके चालू किया गया और पहले मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का, फिर महर्षि वाल्मीकि का नाम दिया गया, उसके छह महीने भी नहीं बीते हैं कि वह यात्रियों का टोटा झेलने लगा है। इस कदर कि विमानन कंपनियां नियमित सेवाओं से हाथ खींच ले रही हैं।

22 जनवरी के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से तीन दिन पहले 19 जनवरी, 2024 को अयोध्या व लखनऊ के बीच हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की उत्तर प्रदेश पर्यटन निगम की घोषणा पर तो अभी तक अमल ही नहीं हो पाया है।

निगम का दावा था कि इस सेवा के तहत आठ से अठारह यात्रियों को ले जा सकने में समर्थ तीन हेलीकॉप्टर अयोध्या से लखनऊ के लिए, तीन ही लखनऊ से अयोध्या के लिए प्रतिदिन उड़ान भरेंगे और अवध की इन दोनों राजधानियों के बीच की दूरी 30 से 40 मिनट में तय करेंगे ।

पिछले साल भारी ताम-झाम से सरयू में उतारे गए क्रूज का पर्यटक लुभाऊ संचालन भी परवान नहीं ही चढ़ पाया है। कोई साल भर पहले एडवेंचर स्पोर्ट्स क्लब गठित कर सरयू के एक बालूघाट से आरंभ की गई पावर पैराग्लाइडिंग भी, जिसके तहत तेरह सौ रुपये से 15 सौ रुपये लेकर रोजाना सुबह से छह से दस बजे और शाम चार से छह बजे तक पंद्रह मिनट में 'रामनगरी का आसमान से दीदार' कराया जाता था, बंद हो गई है अयोध्या विकास प्राधिकरण के मुताबिक लोग पैराग्लाइंडिंग के प्रति रुचि ही नहीं दिखा रहे थे और उसे संचालित करने वाली कंपनी के लिए अपनी जेब से उसका खर्च बर्दाश्त करना संभव नहीं हो पा रहा था।

प्राधिकरण की प्रस्तावित एयरोसिटी परियोजना भी उससे प्रभावित किसानों के विरोध के कारण रोक देनी पड़ी है। इतना ही नहीं, इस साल जनवरी में बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों, श्रद्धालुओं व पर्यटकों की आमद से मुनाफे की उम्मीद में होटलों की बड़ी श्रृंखला के सपने तो देखे ही गए थे, प्रदेश सरकार ने नागरिकों को अपने घरों को होम-स्टे में बदल और उनमें आगंतुकों को ठहराकर धनार्जन के लिए भी प्रोत्साहित किया था । तब अनेक नागरिकों ने उसके प्रोत्साहन का लाभ पाने के लिए कर्ज वगैरह लेकर अपने घरों में सुविधाओं के लिए जरूरी निर्माण व सुधार तो कराए ही, होमस्टे के रूप में उनके पंजीकरण की औपचारिकताएं भी पूरी की थीं ।

लेकिन लोकसभा चुनाव के बाद आगंतुक घटने लगे तो होमस्टे वालों की पूछ ही नहीं रह गई और अब वे अपने कर्ज की अदायगी व व्यावसायिक बिजली कनेक्शनों के बिलों की अदायगी को लेकर त्रस्त हैं।

एक ओर ये हालात हैं और दूसरी ओर भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान का अध्ययन कहता है कि अयोध्या में बुनियादी ढांचे, परिवहन व सौंदर्यीकरण सहित 27 'प्रमुख' पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कर व्यापक विकास की कई पहल कार्यान्वित हैं। इनमें से कई से जुड़ी परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जबकि दूसरी परियोजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है।

**परियोजनाओं की प्रकृति**

इन परियोजनाओं के नामों पर गौर कर इनकी प्रकृति को आसानी से समझा जा सकता है: सड़कों व पार्किंग सुविधाओं का उन्नयन, रेलवे लाइनों का विस्तार, रेल व बस स्टेशनों का आधुनिकीकरण, हवाई अड्डे का विकास, गिटार घाट, मंदिर संग्रहालय, मोम संग्रहालय, संध्या सरोवर का विस्तार, अयोध्या के बाजार का पुनरुद्धार, जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण के माध्यम से अनेक धार्मिक स्थलों व मंदिरों का कायाकल्प, 25 पौराणिक स्थलों व 39 चौराहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, सरयू पर नदी परिभ्रमण के साथ जलक्रीड़ा तथा ध्वनि व प्रकाश शो, सरयू के घाटों के किनारे शौचालयों की स्थापना और परिक्रमा मार्ग का विकास।

इनके अतिरिक्त अनेक भाषाओं में मौसम का पूर्वानुमान, सौर ऊर्जा से चलने वाली नावों का संचालन, 28 भाषाओं में बहुभाषी गाइड बोर्ड, हेलीकॉप्टर सेवाएं, ई-कार्ट और ह्वीलचेयर सुविधाएं, रेलवे ओवरब्रिज, लक्ष्मणपथ का निर्माण, एक ठोस अपशिष्ट उपचार संयंत्र की स्थापना, कैफेटेरिया, ओपन थिएटर सुविधाएं, सफाई कर्मचारियों की तैनाती और स्ट्रीट लाइटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना । साथ ही दुनिया की सबसे लंबी सौर स्ट्रीट लाइट परियोजना

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के अयोध्या के नेता सूर्यकांत पांडेय कहते हैं कि इस सबका एकमात्र अर्थ यही है कि योगी सरकार ने अभी भी अयोध्या से 'और' राजनीतिक लाभ की उम्मीद नहीं छोड़ी है, हालांकि ओडिशा में भाजपा सरकार के शपथग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'जयश्री राम' की जगह 'जय जगन्नाथ' कहकर गोलपोस्ट बदलने के संकेत दे दिए हैं ।

**( सांभार )**

# पर्दे का ताल्लुक चेहरे से नहीं है !

इस्लाम ने औरतों को पुरुष प्रधान समाज के अत्याचारी और सख्त रिवाजों के बंधन से आज़ाद कराया जिसने उनके ज़िंदा रहने के लिए ज़रूरी और बुनियादी अधिकार छीन लिए थे। ये इस्लाम है जिसने उन्हें कई हुकूक दिये - विरासत का हक़, जायदाद रखने का हक़, इल्म हासिल करने का हक, कारोबार करने का हक़,अपनी मज़बूरी से पति को चुनने का हक़, शोहर के इंतेकाल के बाद दोबारा शादी करने का हक और तलाक का हक़।

ये इस्लाम है जिसने औरतों को उस वक्त बुलंद मर्तबा किया जब उन्हें मिल्कियत मानकर वैसा ही बर्ताव किया जाता था और उन्हें पैदा होने के बाद ज़िंदा दफन कर दिया जाता था। ये इस्लाम ही है जिसने उन्हें खुदा की नेमत के तौर पर लिया और औरतों के रूप में आदमियों के बराबर साझीदार बनाया और माओं के पैरों के नीचे जन्नत रखा और उन्हें हुक्म दिया कि वो अपना चेहरा ढँके बगैर अपना वकार और पाकीजग़ी की हिफाज़त के लिए हिजाब पहनें और मर्दों को उनकी इज्ज़त करने और उनके साथ अच्छा बर्ताव करने का हुक्म दिया।

जैसा कि हजऱत मोहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने साफ तौर पर ऐलान किया है, 'तुम में से बेहतरीन इंसान वो है जो अपने घर की ख्वातीनों के साथ अच्छा बर्ताव करता है और तुम्हारे बीच वो इंसान बुरा है जो अपने घर की ख्वातीनों के साथ बदसुलूकी करता है।'(बुखारी)

लेकिन, अफसोस की बात ये है कि मुसलमानों के एक हिस्से ने औरतों को उनके ज़रूरी और बुनियादी हुकूक के साथ तालीम के हुकूक और अपनी मज़बूरी से अपनी पसंद का खाविंद चुनने की आज़ादी और वो दूसरे हक़ भी जो उन्हें इस्लाम ने फराहम कराये हैं और वो भी जो इस्लामी पर्दा या हिजाब के नाम पर दिया है, से महरूम कर दिया है। मुसलमानों के इस तबके ने औरतों को सबसे पहले इस्लामी पर्दे के बारे में पुरुष प्रधान माशरे के वज़ाहत के मुताबिक उनके चेहरों को ढक कर महरूम किया, फिर उनके बुनियादी हुकूक को छीन लिया! यहां तक कि उन्हें नमाज़ पढने से रोक दिया गया। मौजूदा वक्त में इस ज़मीन पर इस्लाम ऐसा इकलोता मजहब है जो अपनी मर्द ग़ालिब वज़ाहत की वजह से औरतों को मस्जिद में आने से रोकता है। इस हक़ीक़त के बावजूद कि हजऱत मोहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने न सिर्फ मुस्लिम महिलाओं को मस्जिद में आने के लिए हौसला अफजाई की है बल्कि मुसलमान मर्दों को हिदायत दी है कि उन्हें अपनी बीवियों को मस्जिद में नमाज़ के लिए जाने से नहीं रोकना चाहिए। (बुखारी)।

हक़ीक़त में, चेहरा पर्दा में शामिल नहीं है, क्योंकि बड़ी संख्या में कुरानी आयत और नबी सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम के फरमान है जिनसे साफ साबित होता है कि इस्लाम में चेहरा छिपाने की जरूरत नहीं है। जैसा कि कुरआन का फरमान है आप मोमिन मर्दों से फऱमा दें कि वो अपनी निगाहें नीची रखो और अपनी शर्मगाहों की हिफाज़त किया करें, ये उनके लिए बड़ी पाकीज़ा बात है। बेशक अल्लाह इन कामों से खूब आगाह है जो ये अंजाम दे रहे हैं, और आप मोमिन औरतों से फरमा दें कि वो (भी) अपनी निगाहें नीची रखा करे और अपनी शर्मगाहों की हिफाज़त किया करें और अपनी आराइश व जेबाइश को जाहिर न किया करें सिवाय (उसी हिस्सा) जो उसमें से खुद जाहिर होता है।

ये आयत साफ तौर पर इशारा करती है कि चेहरा ढँकने की ज़रूरत नहीं है, वरना नजऱें नीची रखने का क्या फायदा है? दूसरी और अहम बात कि पुराने और आज के दौर के कुरान के ज़्यादातर (मुस्तनद मोबस्सिर) मुस्तनद मुबस्सरीन ने इस आयत के नीचे दिये हिस्से अपनी आराइश व जेबाइश को जाहिर न किया करें सिवाय (उसी हिस्सा) जो उसमें से खुद जाहिर होता है का मतलब चेहरा और पांव लिया है। इनमें से सबसे खास वज़ाहत में तफ्सीरे जलालैन है जो देवबंद के सिलेबस में शामिल है और देवबंद के शब्बीर उस्मान द्वारा लिखी गई तफ्सीरे उस्मान इसमें शामिल है । पर्दा की इस वज़ाहत को नबी सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम की बीवी हजऱत आइशा रजिय़ल्लाहू अन्हा से मरवी हदीस से भी समर्थन मिलता है। उनके मुताबिक, एक बार उनकी बहन हजऱत आस्मा रजिय़ल्लाहु अन्हा उनके घर आईं, उन्होंने बहुत महीन कपड़ा पहना हुआ था जिससे उनका शरीर नजऱ आ रहा था। जब नबी सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने उन्हें देखा तो आप सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने अपने चेहरे का रुख दूसरी ओर मोड़ लिया और कहा कि 'ऐ अस्मा जब एक औरत बालिग़ हो जाती है, तो उसे चेहरा और पैर छोडक़र अपने शरीर को ढकना चाहिए।'

कुल मिलाकर इस्लाम में, चेहरे को हिजाब से ढँकने की जरूरत नहीं है, ये चौथी सदी में इस्लामी इबारत के पुरुष प्रधान व्याख्या के बाद किया गया जिसने औरतों को उनके अपने फऱाइज़ को अंजाम देने से रोक दिया।

असल में, नबी सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम के ज़माने का समाज एक संयुक्त समाज था जिसमें मर्द और औरतें अपने आम काम, जंग के मैदान में, मस्जिदों में नमाज़ें पढऩे में, पढ़ाई और तालीम और इल्म के शोबे में अपना बेशकीमती योगदान देने में भागीदार थे। जब इस्लाम हमसे चेहरा ढँकने की मांग नहीं करता है, तो हम उसके बारे में इतने सख्त क्यों हैं?

# "अहले बैत की मोहब्बत में ही सलामती"

कुरान करीम में अल्लाह तआला ने इरशाद फरमाया मतलब "(ऐ नबी) तुम फरमाओ कि मैं उस पर यानी तबलीग रिसालत पर तुम से कुछ अजर और बदला नहीं चाहता मगर कराबतदारों (करीबी लोगों से) की मोहब्बत यानि मेरे कराबतदारों और रिश्तेदारों से मोहब्बत करे।" (सूरह शोरा)

रसूले करीम ने पैदाइश के बाद से ही उम्मत के लिए बड़ी-बड़ी परेशानियां उठाई थी।

अबु तालिब घाटी में तीन साल तक बहुत सख्त परेशानियों का सामना करना पड़ा था। ताइफ के शर पसंदों ने आपको पत्थर मारे यहां तक कि आपके जिस्मे मुबारक से खून बहने लगा लेकिन नबी-ए-करीम ने किसी दुश्मन के लिए बददुआ नहीं की बल्कि उनकी हिदायत की दुआ की। जो मुसलमान हो रहे थे उनके साथ भी आपके बर्ताव बहुत ही ज्यादा मोहब्बत का था। आपने हमेशा दूसरों की, मदद की मेहमान नवाजी की। गरीबों यतीमों और बेवाओं की मदद की।

खुद फाक़े किए लेकिन दूसरों के पेट भरे। हुजूरे अकरम सहाबा-ए-किराम से बहुत ज़्यादा मोहब्बत करते थे। उनकी हर बात का कुछ सहाबा के दिल में बार-बार यह ख्याल आता था कि हम किस तरह हुजूरे अकरम की मदद करें और हम किस तरह आपके काम आएं? "अल्लाह तआला तो सबके दिलों के हाल जानता है", लिहाज़ा यह आयत नाज़िल हुई।

हज़रत इब्ने अब्बास रज़ि. से रिवायत है कि जब नबी-ए-करीम मदीने शरीफ तशरीफ लाए और अंसार ने देखा कि हुजूरे अकरम के जिम्मे बहुत से काम हैं और आपके पास माल कुछ भी नहीं है तो उन्होंने आपस में राय की और हुजूर के हुकूक और अहसानात याद करके आपकी ख़िदमत में पेश करने के लिए बहुत सारा माल जमा किया और लेकर आपकी खिदमत में हाज़िर हुए और अजऱ् किया कि हुजूर की बदौलत हमें हिदायत नसीब हुई और हमने गुमराही से निजात पाई। हम देखते हैं कि हुजूर के काम बहुत ज़्यादा हैं इसलिए हमने यह माल खिदमत में पेश करने के लिए लाए हैं, इसे कुबूल फरमाकर हमारी इज़्जत अफज़ाई की जाए। उस पर यह आयत करीम नाज़िल हुई और हुजूर ने वो माल वापस फरमा दिए।

इस आयत के शाने नुजूल के बारे में दोनों बातों में अंसार की तरफ से अपने माल और सामान हुजूर की ख़िदमत में पेश करने की बात है तो हुजूरे अकरम ने फरमाया कि "मुझे अजर और बदले के तौर पर तुम से दौलत और माल वगैरह नहीं चाहिए बल्कि तुम को चाहिए कि मेरे कराबतदारों से मोहब्बत करो।"

मक्का की ज़िन्दगी में हुजूर की ख़िदमत में जो सहाबा-ए-किराम थे और परेशानियां उठाने के बाद भी हुजूर के साथ उन्होंने मक्का में सब कुछ छोडक़र मदीने की तरफ हिजरत की थी उनको महाजिर कहा जाता है और वो सहाबी जो मदीने के रहने वाले थे ।

जिन्होंने हिजरत के वक़्त और उसके बाद पूरी ज़िन्दगी रसूले करीम के साथ गुजारी और मुहाजिरों की हर तरह से मदद फरमाई उनको अंसार कहा जाता है। हुजूरे अकरम ने दोनों तरफ के सहाबा-ए-किराम में आपसी मोहब्बत, भाई-भाई का रिश्ता कायम फरमा दिया था जिसे अंसार ने बहुत खूबी के साथ निभाया। तमाम सहाबा हुजूर (सल्ल.) की खिदमत में अदब से सिर झुकाए रहते थे और ज़रा से इशारे पर हुक्म की तामील मे दौड़े चले जाते थे और जब नबी-ए-अकरम बात कहते- आप कलाम फरमाते तो "हमारी जान हमारे मां-बाप आप पर कुरबान थे। उनके जैसा अदब और हुक्म की तामील कोई नहीं कर सकता।"

यहां पर हुक्म मिला कि रसूल के कराबतदारों से मोहब्बत करो ज़ाहिरी मोहब्बत नहीं बल्कि दिल व जान से मोहब्बत करो। उनके नक्शे कदम (पद चिन्हों) पर चलकर अपनी आख़िरत सुधारो। सच्ची बात भी यही है कि नबी-ए-करीम के बाद उनकी आल का ही दर्जा बड़ा है।

नबी-ए-अकरम के खानदान और रिश्तेदारों से बढक़र कौन बड़े रुतबे वाला हो सकता है? अगर कुरआने करीम में यह हुक्म नहीं भी आता तो भी उम्मत का यह फर्ज है कि नबी की आल से मोहब्बत करें और उनके हर हुक्म को मानें।

इसलिए नबी-ए-पाक की सीरते मुबारक और कुराने मजीद के बाद हम लोग अहले बैत की पाकीज़ा ज़िन्दगी से कुछ सीखें और हम उन पर अमल करें अपनी दुनिया व आख़िरत में कामयाबी हासिल करें।

अपने हुज्जतुल विदा के मौके पर खुत्बा में नबी-ए-अकरम ने फरमाया था कि "लोगों मैं तुम्हारे पास दो चीजें छोडक़र जा रहा हु अगर उन्हें थामे रहोगे तो हरगिज गुमराह नहीं होंगे। यह दो चीजें हैं किताबुल्लाह (कुराने करीम) और मेरे अहले बैत।"

अहले बैत से मोहब्बत के बारे में बहुत सारी हदीसे पाक मौजूद हैं। एक जगह आता है कि आप रसूले करीम ने फरमाया "मेरे सहाबा सितारों की मानिंद (तरह) है जिनकी भी पैरवी करोगे हिदायत पाने वाले हो जाओगे।"

हमारे लिए जरूरी है कि हम रसूले करीम और आपके अहले बैत की मोहब्बत से अपने दिलों में बसा लें और ज़्यादा से ज़्यादा उनके बारे में जानने और पढऩे की कोशिश करें।

मुस्लिम रिश्ते

रॉयल पत्रिका साप्ताहिक में मुस्लिम रिश्तों में विज्ञापन देने हेतु संपर्क करें -

मोबाइल: 9772552446, 9799559096

" जोड़े आस्मां पर बनाए जाते है मिलन जमीं पर होता है। "

Beautiful Muslim girl 32/5.5"/ MJMC/PGDCA/ presently working as a Bank Officer/ Father retired Govt. Officer, reputed family of Sawai Madhopur. Needs religious well settled, Govt Officer/ Businessman from reputed family. Early Marriage. Interested please Contact: Mobile-8302114075/8209325917

47/6.1"/सिविल इंजीनियर/ तलाकशुदा/ वार्षिक आय 3.5 लाख/ मुस्लिम पठान, जयपुर निवासी आदमी के लिए दीनदार, घरेलू, पढ़ी-लिखी जीवन साथी चाहिए, तलाकशुदा भी मान्य । संपर्क: मोबाइल- 8209336198

28/5.8"/बीएससी; बी. टेक/ व्यवसाय टीचिंग/टोंक निवासी प्रतिष्ठित फैमिली के मुस्लिम युवक हेतु सुंदर, पढ़ी-लिखी, दीनदार, घरेलू कार्य में दक्ष मुस्लिम लड़की चाहिए। संपर्क: मोबाइल- 8769654230

.जयपुर निवासी 25 वर्षीय/बी.ए./ तलाकशुदा (3 वर्ष की बच्ची है)/ दीनी तालीम याफ्ता, घरेलू कार्य में दक्ष मुस्लिम लड़की हेतु दीनदार, नमाज़ी, नौकरीपेशा/बिजनेसमैन राजस्थानी लड़का चाहिए । इच्छुक सम्पर्क करें- मोबाइल: 98294 43086/97725 52446.

.जयपुर निवासी 25/5'.4"/ M.Sc. B.ed/ पठान लड़की/ गवर्नमेंट में अध्यापिका के पद पर कार्यरत हेतु पढ़े-लिखे गवर्मेंट ऑफिसर/ नौकरीपेशा/बिजनेस मैन लड़का जो शेख/सैयद/पठान खानदान से ताल्लुक रखता हो । संपर्क करें - मोबाइल नंबर: 7223023871

.हनफी अंसारी सुन्नी मुस्लिम डॉक्टर 28/5.5"/BHMS/खुद की क्लिनिक/जयपुर निवासी हेतु ग्रेजुएट, दीनी तालीम याफ्ता, घरेलू कार्य में दक्ष लड़की चाहिए। सम्पर्क: 7976464322/9772552446

.35/5.2"/B.Sc./Fair colour/ Deeni Taleem yafta Divorced Sunni Muslim girl from educated, reputed family of Jaipur. Presently doing tution job at home. Need educated, settled religious groom. Early Marriage. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9352666093/9772552446

.Sunni Muslim girl 37/5.6"/M.A; MBA/Divorced (No issue)/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious suitable man from reputed family from Sayed /Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/Ajmer/Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9314720003/9772552446

• Beautiful Pathan girl 34/M. Tech (Computer Science), Sr. Database Administrator and Software Developer, Finance Department of Secretariat Government of Rajasthan (Pvt basis). Father retired Govt. Officer, well educated and reputed family of Tonk. Needs well educated, settled and religious boy from Jaipur based family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9772552446/9799559096

• Hanafi Sunni Muslim beautiful girl 25/5.5". Education Qualification: Masters in Litrature and PG Diploma in Digital Marketing. Father Govt officer. Well educated and reputed family of Bhilwara. Need well educated, religious, settled boy from reputed family. Contact Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

. 23/5.4"/एम. कॉम; आई टी आई (ड्रेस मेकिंग) व RSCIT कोर्स, दीनी तालीम याफ्ता खूबसूरत जयपुर निवासी अंसारी लड़की। वालिद कॉन्ट्रेक्टर- फेब्रिकेशन वर्क हेतु दीनी, पढ़ा- लिखा खूबसूरत नौकरीपेशा/बिजनेसमैन अच्छे परिवार का लड़का। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाइल नं. 9772552446/9799559096

• Sunni Muslim girl 32/5.8"/M.A; LLB, Perusing LLM/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious boy from reputed family from Sayed /Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/Ajmer/Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

• आगरा निवासी लड़की 28/5.5"/ बी. एससी/ खूबसूरत, रंग फेयर, दीनी तालीम याफ्ता, वालिद बिजनिसमैन। रेप्यूटेड पढ़ी-लिखी सुन्नी मुस्लिम सिद्दीक़ी फैमिली हेतु सुंदर, पढ़े-लिखे, बिजनिसमैन/ नौकरीपेशा अच्छे खानदान से ताल्लुक रखने वाले लड़के की । संपर्क- रॉयल पत्रिका ऑफिस, जयपुर। ph . 9772552446, 9799559096

• Jaipur based Sunni Muslim girl 31/B. Tech/Beautiful, Deeni Taleem Yafta. Father retired Govt. Officer. Needs well educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

• Sunni Ansari Muslim Jaipur based divorced girl 37/M.A; B.ed/Deeni Taleem Yafta. Need suitable educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446 /9799559096

• Sunni Muslim boy 30/5.10"/80 kg. weight/Master in Criminology with Gold Medal/own business. Father retired as Dean from Veterinary College. Home town in Tonk, living in Palanpur, Gujarat, well educated, reputed and well settled small family. Need suitable homely, religious, educated girl from reputed family. Preference to Tonk based girl. Contact: Mobile : 9772552446, 9799559096

• Jaipur based Sunni Muslim boy 28/5.8" M.Com and B.PEd degree English medium. At present Tennis Coach in Pvt School, Father businessman, well settled and educated family. Needs Jaipur based homely religious girl . Contact: Mobile : 8107860666

• Udaipur based Syed/Siddiqui girl 28/5.4"/ B.Tech (Electronics & Communication Engineering) Convent educated, working in Bank as Manager (Central Govt. job transferrable all over India), Annual package 8.00 lakh. Father Addl. Director in Govt. Deptt. and Mother Govt. Teacher (Taken VRS). Well reputed and educated family. Needs suitable religious Muslim boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446, 9799559096.

• जयपुर निवासी सुन्नी सैयद मुस्लिम लड़की 27/5.2" एम.ए. (पॉलिटिकल साइंस), दीनी तालीम याफ्ता खूबसूरत, घरेलू कार्य में दक्ष, वालिद एडवोकेट- नोटरी पब्लिक, प्रतिष्ठित पढ़ी लिखी, स्माल फैमिली हेतु पढ़े लिखे नौकरीपेशा/ बिजनिसमैन सुयोग्य युवक चाहिए। जयपुर निवासी को प्राथमिकता। इच्छुक संपर्क करें : 9772552446, 9799559096

• चुरू (राजस्थान) निवासी सुन्नी मुस्लिम दीनी तालीम याफ्ता लड़की 23/5.2" एम. एससी. (फिजिक्स), रंग फेयर, बैंक एक्जाम की तैयारी कर रही हेतु सुयोग्य, पढ़े - लिखे व सेटल्ड मुस्लिम युवक को प्राथमिकता । इच्छुक संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाईल : 9772552446, 9799559096

• Udaipur based Sunni Muslim Siddiqui smart boy 30/6'4"/90 weight kg; MBA, complexion fair, job in UAE Bank as Customer Relationship Officer. Need beautiful, well educated, homely cultural & religious girl. Contact : Royal Patrika office, Jaipur Mob : 9772552446, 9799559096

• Nasirabad based Sunni Muslim religious & moral ethics boy 32/5'5 weight 72 kg. Diploma in Information Tech; Diploma in Automobile Engineering. Occupation: Integrated Organic Agro and Poultry Farming. Father Dy. Director (Retd) from Military Engineer Service. Needs beautiful, Caring, Compassionate, Sensitive, Homely, Cultured & Religious girl for well educated family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• सुन्नी मुस्लिम नसीराबाद निवासी फेयर व सुंदर लड़का 28/5'11"/ बी ए ; होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा, स्वयं की ट्रांसपोर्ट कंपनी आय 2/2.5 लाख प्रति माह । फादर बिजनेसमैन, मदर का स्वयं का लेडीज गारमेंट्स, किड्स क्लोथ्स शोरूम हेतु सुंदर, सुशील पढ़ी लिखी लड़की चाहिए। संपर्क- रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। Ph. 9772552446, 9799559096

• 28/5'5" B.A, B.ed. divorced, no issue. Father Retd. Sr. Dy. DEO, Mother Retd. Librarian. Jaipur based educated Syed Sunni Muslim family. Needs educated, well settled boy. Contact : Royal Patrika office, Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• Suitable match for Jaipur based Syed girl 22/5'3" B. A. And Deeni Taleem Yafta sister (married). Contact: Royal Patrika office. Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• Ajmer based Sunni Muslim Pathan boy 31/5.9"/B.Sc; Bio Tech & Hotel Management Diploma/63 kg. weight/Own Business. Needs suitable religious, homely, educated girl from reputed family. Preference to Pathan, Sheikh & Syed caste. Contact: Royal Patrika Office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

• सीकर निवासी मुस्लिम युवक 40/5.6" वाटर प्रूफिंग ठेकेदार के लिए 30 से 35 साल की दीनी, घरेलू , तलाकशुदा/विधवा को प्राथमिकता । इच्छुक मय बायो डाटा सहित संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर । मोबाइल : 9772552446/ 9799559096

• Suitable match for Jaipur based Sunni Pathan girl 32/5'4" B.Com; CS Inter completed, Deeni Taleem Yafta. Educated small family. Father retired from JDA. Needs well settled, educated boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• 29/5.3 " पोस्ट ग्रेजुएट व 26/5.3" ग्रेजुएट दीनी तालीम आफता व नमाजी रेप्यूटेड फैमिली जयपुर निवासी, दोनों बैंक में कार्यरत मुस्लिम (सैयद ) युवकों के लिए खूबसूरत दीनी तालीम के साथ-साथ ग्रेजुएट व घर के काम मे दक्ष लड़कियां | बायोडाटा सहित संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय,जयपुर। Ph. 9772552446, 9799559096

• खूबसूरत अंसारी लड़की 33/5'/ एम ए/ तलाकशुदा/ दीनी तालीम याफ्ता, घर के कामों में माहिर, जयपुर निवासी हेतु सुयोग्य पढ़े लिखे अच्छे फैमिली का लड़का । इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर । मोबाइल : 9887910863/9772552446

•खूबसूरत अंसारी लड़की 27/5.5"/पोस्ट ग्रेजुएट/ तलाकशुदा/ दीनी तालीम याफ्ता, घर के कामों में माहिर, सरकारी जॉब की तैयारी, पढ़ी-लिखी जयपुर की प्रतिष्ठित फैमिली हेतु सुयोग्य पढ़े-लिखे अच्छे फैमिली का लड़का । इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर । मोबाइल : 9887910863/9772552446

• Hanafi Sunni Muslim smart boy 28/5.8"/MBA; B.Tech (Civil Engineer)/Own Business. Father Govt. Officer. Well educated and Reputed family of Bhilwara. Needs well educated, homely girl from reputed family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096.

•मुस्लिम कायमखानी युवती 25/ बीयूएमएस, फार्मेसी में डिप्लोमा/ वर्तमान में राजकीय चिकित्सा अधिकारी, वालिद वरिष्ठ राजकीय नर्सिंग अधिकारी, सीकर की पढ़ी-लिखी, प्रतिष्ठित फैमिली हेतु सुयोग्य लड़का, राजकीय सेवारत अधिकारी को प्राथमिकता । इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाइल : 9414288231/9772552446

मुस्लिम रिश्तों के लिए संपर्क करें।
- 9799559096
- 9772552446

# शाहरुख़ ख़ान का बिजनेसमाइंड



जयपुर। शाहरुख़ख़ान, जिन्हें अक्सर "बॉलीवुड का किंग" कहा जाता है, केवल एक बेहतरीन अभिनेता ही नहीं बल्कि एक कुशल व्यवसायी भी हैं। उनकी व्यावसायिक गतिविधियाँ फिल्मी दुनिया से परे हैं, जो उनके व्यापार प्रबंधन, ब्रांड निर्माण और अलग मिजाज को दर्शाती हैं। यह लेख शाहरुख़ख़ान के व्यावसायिक प्रबंधन के अन्य पहलुओं को दिखाता है और हमें प्रोत्साहित करता है कि हमें अपने मुख्य कार्य के साथ साथ ही अन्य बिजनेस में भी निवेश के अवसर देखते रहना चाहिए । शाहरुख़ख़ान के व्यावसायिक सफर की शुरुआत ब्रांड निर्माण से हुई थी। अपने करियर की शुरुआत में ही उन्होंने व्यक्तिगत ब्रांड बनाने के महत्व को समझ लिया था। उनकी फिल्में, सार्वजनिक उपस्थितियाँ और विज्ञापन सभी उनकी छवि को निखारने के लिए सावधानीपूर्वक चुने गए थे। यह रणनीतिक ब्रांड निर्माण उनके भविष्य के व्यावसायिक प्रयासों की नींव बना। शाहरुख़ख़ान की सबसे महत्वपूर्ण व्यावसायिक उपक्रमों में से एक रेडचिलीजएंटरटेनमेंट है, जिसे उन्होंने अपनी पत्नी गौरी ख़ान के साथ 2002 में स्थापित किया। इस कंपनी ने "मैं हूं ना", "ओम शांति ओम" और "चेन्नई एक्सप्रेस" जैसी कई ब्लॉकबस्टर फिल्में बनाई हैं। रेडचिलीजएंटरटेनमेंट फिल्म निर्माण तक ही सीमित नहीं है; यह स्पेशलइफेक्ट, पोस्टप्रोडक्शन और टेलीविजन विज्ञापन में भी काम करता है। रेडचिलीजएंटरटेनमेंट की सफलता शाहरुख़ख़ान के सक्रिय सहभागिता के कारण है। वे व्यवसाय के हर पहलू में शामिल रहते हैं, जैसे स्क्रिप्ट चयन से लेकर डिस्ट्रिब्यूशनरणनीतियों तक। उनकी यह भागीदारी सुनिश्चित करती है कि कंपनी की योजनाएं उनके ब्रांड के अनुरूप हों और उच्च गुणवत्ता मानकों को पूरा करें। 2008 में, शाहरुख़ख़ान ने खेल उद्योग में कदम रखा और जूही चावला और उनके पति जय मेहता के साथ मिलकर इंडियन प्रीमियरलीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) फ्रेंचाइजी खरीदी। केकेआरआईपीएल की सबसे सफल और लोकप्रिय टीमों में से एक बन गई है, जो रणनीतिक प्रबंधन और विपणन के कारण संभव हुआ है। शाहरुख़ख़ान ने अपनी सेलिब्रिटी स्थिति का उपयोग करके केकेआर को प्रमोट किया है। मैचों में उनकी उपस्थिति, प्रशंसकों के साथ उनकी बातचीत, और टीम की गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी ने केकेआर के लिए एक मजबूत ब्रांड पहचान बनाई है। इसके अलावा, फ्रेंचाइजी ने माल की बिक्री, प्रायोजन और मीडिया अधिकारों के माध्यम से अपने आय को बढ़ाने का कार्य किया । हाल के वर्षों में, शाहरुख़ख़ान ने डिजिटल सामग्री उत्पादन में भी कदम रखा है। स्ट्रीमिंगप्लेटफार्मों के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए, उन्होंने रेडचिलीज बैनर के तहत वेबसीरीज और डिजिटल फिल्में बनाई हैं। यह कदम न केवल उनके व्यावसायिक पोर्टफोलियो को विविध बनाता है बल्कि बदलते मनोरंजन परिदृश्य में उनकी प्रासंगिकता भी सुनिश्चित करता है। शाहरुख़ख़ान ने भारत और विदेशों में अचल संपत्ति में रणनीतिक निवेश किया है। मुंबई में उनका शानदार घर, मन्नत, केवल एक निवास स्थान नहीं बल्कि उनकी सफलता और ब्रांड का प्रतीक है। उन्होंने दुबई और लंदन में भी संपत्तियों में निवेश किया है, जो व्यक्तिगत और व्यावसायिक उद्देश्यों की पूर्ति करती हैं। रियलएस्टेट निवेश शाहरुख़ख़ान को एक स्थिर और मूल्यवान संपत्ति आधार प्रदान करता है। इन संपत्तियों का उपयोग अक्सर व्यावसायिक बैठकों, कार्यक्रमों और शूटिंग स्थानों के रूप में किया जाता है, जिससे उनकी उपयोगिता और मूल्य बढ़ता है। शाहरुख़ख़ान का विज्ञापन और ब्रांड सहयोग के प्रति दृष्टिकोण उनके व्यावसायिक प्रबंधन का एक और महत्वपूर्ण पहलू है। वे भारत के सबसे मांग वाले ब्रांड एंबेसडर में से एक हैं, और उन्होंने लक्जरी कारों से लेकर उपभोक्ता वस्तुओं तक की एक विस्तृत श्रृंखला के उत्पादों का समर्थन किया है। उनके विज्ञापन सौदों को सावधानीपूर्वक चुना जाता है ताकि वे उनकी ब्रांड छवि के अनुरूप हों और अक्सर इसमें इक्विटी हिस्सेदारी शामिल होती है, जो उन्हें लंबे समय तक लाभकारी बनाती है। हालांकि व्यक्तिगत रूप से मैं उनके तंबाकू उत्पाद के विज्ञापन करने का विरोध करता हूँ । प्रतिष्ठित ब्रांडों के साथ जुड़कर और एक स्थिर सार्वजनिक छवि बनाए रखकर, शाहरुख़ख़ान ने सुनिश्चित किया है कि उनके विज्ञापन उनके व्यक्तिगत ब्रांड मूल्य को बढ़ाते हैं न कि उसे कमजोर करते हैं। लाभकारी उपक्रमों के अलावा, शाहरुख़ख़ान ने परोपकार और कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई है। अपने परोपकारी संगठन, मीर फाउंडेशन, के माध्यम से शाहरुख़ख़ान ने विभिन्न सामाजिक कारणों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह परोपकारी दृष्टिकोण न केवल जरूरतमंदों की मदद करता है बल्कि उनकी सार्वजनिक छवि और ब्रांड मूल्य को भी बढ़ाता है, जो उनके व्यावसायिक उपक्रमों पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। शाहरुख़ख़ान की व्यावसायिक प्रबंधन शैली रणनीतिक जोखिम लेने से भरी है। चाहे वह क्रिकेट टीम में निवेश करना हो, डिजिटल सामग्री में कदम रखना हो, या एक दृश्य प्रभाव कंपनी शुरू करना हो, उन्होंने लगातार गणना किए गए जोखिम लेने की इच्छा दिखाई है। उनकी अवसरों की पहचान करने और बदलते बाजार की गतिशीलता के अनुकूल होने की क्षमता उनकी स्थायी सफलता का एक प्रमुख कारक रही है। इसके अलावा, शाहरुख़ख़ान अपने अभिनव विपणन रणनीतियों के लिए जाने जाते हैं। वे सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं, प्रशंसकों के साथ जुड़ते हैं, और अपनी परियोजनाओं के आसपास अद्वितीय प्रचार अभियानों के माध्यम से चर्चा पैदा करते हैं। यह अभिनव दृष्टिकोण उनकी ब्रांड को ताजा और प्रतिस्पर्धी बनाए रखता है। शाहरुख़ख़ान के व्यावसायिक प्रबंधन रणनीतियाँ ब्रांड निर्माण, विविधता, रणनीतिक जोखिम लेने का सबक देता है । उनकी सफलता अभिनय से परे है, जो उन्हें एक व्यवसायी के रूप में भी सक्षम बनाती है जो विभिन्न उद्योगों की बारीकियों को समझता है। एक मजबूत व्यक्तिगत ब्रांड बनाए रखकर, विविध उपक्रमों में निवेश करके, और समाज को वापस देकर, शाहरुख़ख़ान ने खुद को केवल बॉलीवुड के किंग ही नहीं बल्कि एक सफल उद्यमी के रूप में भी स्थापित किया है।



लेखक : एडवोकेट सज्जाद अज़ीज़ , टैक्स सलाहकार, अध्यक्ष, काउंसिल ऑफ़ टैक्स प्रोफ़ेशनल्स

## HSSC ने 3134 पदों पर निकाली भर्ती

### -एज लिमिट 42 साल, 12वीं से लेकर ग्रेजुएट्स को मौका

हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (HSSC) ने ग्रुप-C के 3134 पदों पर दोबारा भर्तियां निकाली है। इनमें ग्रुप 6 के 1296, ग्रुप 58 के 1075, 59 के 517 और 60 के 246 पद शामिल हैं। पिछले साल इन पदों के लिए 7 मार्च को भर्ती निकाली गई थी।
आवेदन करने वाले सभी युवाओं को भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए एक बार फिर आवेदन करना होगा। उम्मीदवार वेबसाइट www.hssc.gov.in पर जाकर 21 जुलाई यानी कल से अप्लाई कर सकेंगे।

**वैकेंसी डिटेल्स :**
ग्रुप 6 (कॉमर्स) : 1296
ग्रुप 58, 59, 60 (स्टेनो) : 1838
कुल पदों की संख्या : 3134
एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :
12वीं पास, स्टेनो, ग्रेजुएट डिग्री, पीजी होल्डर्स, सीईटी क्वालिफाइड कैंडिडेट्स अप्लाई कर सकते हैं।

**आयु सीमा :**
18- 42 साल।
रिजर्व कैटेगरी के उम्मीदवारों को अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाएगी।
**सिलेक्शन प्रोसेस :**
सीईटी यानी कॉमन एलिजबिलिटी टेस्ट के बेसिस पर कैंडिडेट्स की शॉर्टलिस्टिंग होगी।
उसके बाद लिखित परीक्षा और स्किल टेस्ट का आयोजन किया जाएगा।
**सैलरी :**
लेवल - 2 से लेवल - 7 के अनुसार।
**एग्जाम पैटर्न** :
**मोड ऑफ एग्जाम :** ऑफलाइन
**क्वेश्चन नंबर :** 100
**टोटल मार्क्स :** 97.5
**एग्जाम लैंग्वेज :** इंग्लिश, हिंदी
सही जवाब होने पर मार्क्स की संख्या : +0.975
**निगेटिव मार्किंग :** नहीं होगी
**एग्जाम ड्यूरेशन :** 105 मिनट
**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट **www.hssc.gov.in** पर जाएं।
होमपेज पर HSSC भर्ती 2024 लिंक पर क्लिक करें।
जरूरी डिटेल्स दर्ज करके डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।
फॉर्म सब्मिट करें। इसका प्रिंट आउट निकाल कर रखें।

## RBI ग्रेड बी ऑफिसर भर्ती परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी

### -24 जुलाई से शुरू आवेदन, ग्रेजुएट्स को मौका

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने विभिन्न विभागों में ग्रेड बी के पदों पर सीधी भर्ती के लिए हर वर्ष आयोजित की जाने वाली परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस भर्ती के लिए आवेदन 24 जुलाई से शुरू हो रहे हैं। उम्मीदवार वेबसाइट opportunities.rbi.org.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं।

**वैकेंसी डिटेल्स :**

ऑफिसर ग्रेड बी (सामान्य) : 66 पद
ऑफिसर ग्रेड बी (DEPR) : 21 पद
ऑफिसर ग्रेड बी (DSIM) : 07 पद
एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :

ग्रेड बी ऑफिसर (जनरल) :

न्यूनतम 60% अंकों के साथ ग्रेजुएशन की डिग्री।
ग्रेड बी ऑफिसर (डीईपीआर) :

अर्थशास्त्र या संबंधित विषयों में कम से कम 55% अंकों के साथ पीजी की डिग्री।

ग्रेड बी ऑफिसर (डीएसआईएम) :

सांख्यिकी या सम्बन्धित विषयों में न्यूनतम 55% अंकों के साथ पीजी की डिग्री।

**आयु सीमा :**
सभी पदों के लिए आयु सीमा 21 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
आरक्षित वर्गों के उम्मीदवारों को अधिकतम आयु सीमा में केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार छूट दी जाएगी।
फीस :

उम्मीदवारों को 850 रुपए (जीएसटी अतिरिक्त) का भुगतान ऑनलाइन माध्यमों से करना होगा।
यह फीस SC/ST/दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए 100 रुपए (जीएसटी अतिरिक्त) है।
सिलेक्शन प्रोसेस :

रिटन एग्जाम
इंटरव्यू
ऐसे करें आवेदन :

ऑफिशियल वेबसाइट opportunities.rbi.org.in पर जाएं।
होम पेज पर Latest Notification के लिंक पर क्लिक करें।
RBI Officers Grade B Notification 2024 ऑप्शन पर जाएं।
अगले पेज पर Apply Here के लिंक पर क्लिक करें।
मांगी गई डिटेल्स दर्ज करके रजिस्ट्रेशन करें।
रजिस्ट्रेशन के बाद एप्लीकेशन फॉर्म भरें।
फीस जमा करके फॉर्म सब्मिट करें।
इसका प्रिंट आउट लेकर रखें।

# गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन ने किया पौधरोपण

कोटा (रॉयल पत्रिका)। दावते इस्लामी इंडिया के डिपार्टमेंट गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन द्वारा बोरखेड़ा कब्रिस्तान पर पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन के जिम्मेदार अरशद अंसारी ने बताया की संस्था द्वारा लगातार पौधारोपण किया जा रहा है। दावते इस्लामी इंडिया के जिम्मेदार
मौलाना शारीक मदनी ने बताया की गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन द्वारा पूरे मुल्क में पौधारोपण किया जा रहा है। पेड़ो की कमी के वजह से सभी को बहुत नुकसान हो रहे है उन्होंने कहा की एक पेड़ कई जिंदगियों को बचाता है हमे पौधे लगाना चाहिए और इस पौधे को पेड़ बनने तक हिफाजत करनी चाहिए। कार्यक्रम में पीस मिशन के स्टेट प्रेसिडेंट नियाज अहमद निक्कू, बोरखेड़ा कब्रिस्तान के सदर साबिर कागजी, शरीफ भाई एएसआई, मोहम्मद साबिर आईडीएफसी बैंक राजस्थान स्टेट हेड, डॉक्टर रियाज अध्यक्ष एक उम्मीद सेवा संस्था, अबरार भाई वाइस प्रेसिडेंट मदरसा बोर्ड, रफीक बुंबिया, रुस्तम भाई, आमिर रजा, तोसिफ, मुस्तानीर,आदि लोग उपस्थित रहे।



# प्रोफेसर मोहम्मद नईम फलाही की स्वेच्छिक सेवानिवृति पर भावभीनी विदाई

कोटा (रॉयल पत्रिका) । राजकीय महाविद्यालय कोटा के स्टाफ क्लब की ओर से प्रोफेसर मोहम्मद नईम फलाही विभागाध्यक्ष उर्दू एवं पूर्व संयुक्त सचिव उच्च शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार के राजकीय सेवा में 28 वर्ष पूर्ण करने के उपरांत स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने पर विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर स्टाफ क्लब की सचिव प्रोफेसर मंजू गुप्ता ने प्रोफेसर नईम एवं उनके परिवारजन पत्नी मुफीदा बानो, बहन सलमा और फिरदौस, पुत्र इंजी. ज़ियाउल इस्लाम, एडवोकेट सैफुल इस्लाम, बहु डॉ. निशात बानो, इंजी. निकहत तरन्नुम का स्वागत करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा विभाग में इनकी सेवाएं लंबे समय तक याद की जाएंगी। इस सम्मान समारोह का उद्देश्य भी यही है कि हम विभाग में की गई इनकी सेवाओं का सम्मान करें।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रोशन भारती ने कहा कि इस महाविद्यालय में मेरे कार्यभार गृहण करने के बाद प्रोफेसर नईम ने मुझे पूर्ण सहयोग किया तथा इनके अद्वितीय योगदान, समर्पण अकादमिक और प्रशासनिक अनुभवों तथा नवाचारों ने महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। इनके शासन सचिवालय उच्च शिक्षा विभाग में रहते विभाग को नए आयाम मिले। प्राचार्य व उप प्राचार्यों की कई वर्षों से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने, संकाय सदस्यों को समय पर सीएएस का लाभ दिलाने एवं विश्विद्यालय अनुदान आयोग विनियमन 2018 को प्रदेश में लागू करवाने का मार्ग प्रशस्त करने जैसे ऐतिहासिक कार्यों के लिए प्रोफेसर नईम सदैव याद किए जाएंगे। इसी विनियमन के अंतर्गत पहली बार राजस्थान



के महाविद्यालयों के पंद्रह सौ से अधिक शिक्षकों को प्रोफेसर पद पर पदोन्नति प्रदान की गई।

मंच संचालन करते हुए डॉ. विवेक मिश्र ने कहा कि हम सभी प्रोफेसर मोहम्मद नईम को उनके भविष्य के सभी उपक्रमों के लिए शुभकामनाएं देते हैं। उनकी अनुपस्थिति को हम निश्चित रूप से महसूस करेंगे, लेकिन उनके द्वारा स्थापित उच्च मानदंड, उनकी कार्यशैली और उनकी शिक्षाएं हमेशा हमारे साथ रहेंगी। उपस्थित अन्य सहयोगियों ने प्रोफेसर नईम की शैक्षिक एवं प्रशासनिक उपलब्धियों और योगदान का विस्तार से उल्लेख किया और अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। साथ ही उनके साथ बिताए गए समय को याद किया।

इस अवसर पर प्रोफेसर नईम ने अपने संबोधन में अपनी राजकीय सेवा यात्रा के महत्वपूर्ण पहलुओं को साझा किया और संस्था, सहयोगियों एवं छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, शिक्षा के क्षेत्र में मेरी यह यात्रा अद्वितीय रही है, और मुझे गर्व है कि मैंने इस प्रतिष्ठित और कोटा संभाग के सबसे बड़े महाविद्यालय का हिस्सा बनकर काम किया और उच्च शिक्षा विभाग के सबसे बड़े नीति निर्धारक पद संयुक्त शासन सचिव (ग्रुप 3) पर रहते हुए विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के हितों के लिए कार्य करने का सुअवसर प्राप्त हुआ, उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह गौरव का विषय है कि पहली बार किसी शिक्षक को ऐसे नीति निर्धारक पद का कार्यभार सौंपा गया।

इस अवसर पर प्रोफेसर नुसरत फातिमा, असिस्टेंट प्रोफेसर अली रजा, डॉ. अमिताव बासु, प्रोफेसर विवेक मिश्र, प्रोफेसर मनोज वर्मा, लेखाधिकारी हारून खान आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।


समारोह के अंत में प्रोफेसर नईम को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनके स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की प्रार्थना की और डॉ. महावीर साहू ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस दौरान डॉ. संजय भार्गव पूर्व प्राचार्य राजकीय जेडीबी महाविद्यालय कोटा, प्रोफेसर रघुराज परिहार पूर्व क्षेत्रीय सहायक निदेशक, प्रोफेसर अजय विक्रम सिंह प्राचार्य राजकीय जेडीबी महाविद्यालय कोटा, प्रोफेसर सीमा चौहान प्राचार्य राजकीय कन्या कला महाविद्यालय कोटा सहित उर्दू विभाग के समस्त विद्यार्थियों ने प्रोफेसर नईम को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

# ग्राम पंचायत अमेठा पर भ्रष्टाचार का आरोप

**फिरोज खान वारसी**

झालावाड़(रॉयल पत्रिका)। अकलेरा पंचायत समिति की अमेठा ग्राम पंचायत के गांव लक्ष्मीपुरा में शिव मंदिर के पास सामुदायिक भवन की बाउंड्री करवाई थी जिसमें नेता कोमल मीणा द्वारा निव नहीं होने व घोटाले का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने मिलकर कनिष्ठ अभियंता व ग्राम विकास अधिकारी से मिलकर शिकायत की। व्हाट्सएप पर उन्हें वीडियो भी डाली इसके बाद भी कोई जवाब नहीं दिया और कार्यवाही नहीं हुई। नेता कोमल मीणा ने पत्रकार फिरोज खान वारसी-को बताया कि शिकायत के बाद भी काम चल रहा है। बाउंड्री वॉल बन गई इस संबंध मे कोमल मीणा का कहना है बिल में स्टोन 59 संख्या, 1151 दर, 67909 की रकम है जिसमें नीव तक नहीं है। 40 एमएम और 12 एमएम गिट्टी का प्रयोग होना बताया मगर गिट्टी कहीं नजर नहीं आती है। बिल में देखा जा सकता है अब मुख्य कार्यकारी अधिकारी से मांग की है कि ग्राम पंचायत आमेठा में जांच जल्द से जल्द की जाए साथ ही ज़िला कलेक्टर से भी मांग की है कि ग्राम पंचायत अमेठा में जांच टीम को जल्द से जल्द बिठाए जिससे इनके घोटाले सामने आएंगे और लोग भी देखेंगे।



# जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति की बैठक सम्पन्न

बारां(रॉयल पत्रिका)। जिला प्रमुख उर्मिला जैन "भाया" की अध्यक्षता मे 18 जुलाई 2024 को जिला परिषद, बारां में जिला स्थापना समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी



जिला परिषद बारां, उपखण्ड अधिकारी, बारां एवं जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक), बारां उपस्थित रहे।

जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया ने बताया कि जिला स्थापना समिति की बैठक मे अध्यापक भर्ती 2022 अन्तर्गत 21 अध्यापको के नियुक्ति/पदस्थापन का अनुमोदन किया गया तथा तृतीय क्षेणी अध्यापक भर्ती वर्ष 2018, 2019, 2021 एवं 2022 में नियुक्त 158 शिक्षकों का स्थाईकरण अनुमोदन किया गया।

# हज़रत इमाम हुसैन की याद में निकाले ताजिये

**शब्बीर हुसैन**

बारां, (रॉयल पत्रिका), हज़रत इमाम हुसैन रजिअल्लाहु अन्हू की शहादत की याद में जिला मुख्यालय बारां में बुधवार को ताजिये का जुलूस निकाला गया। शहर में मटकोटा, खाईपाडा, राईन, शोपुरियांन, बारांभाईयान, बड़ा गुवाड़ा, मेहलापाडा भोलासाहब , मिस्त्री का चोक, सरस् की तोड़ी आदि पंचायतों के ताजिये व अखाड़े धूमधाम से निकले गए । वही चौमुखा बाजार स्थित गणेश मंदिर का शिखर टूटने की वजह से हुए विवाद के कारण पंचायत लीलगरान का ताजिया जिला प्रशासन द्वारा दूसरे मार्ग से निकाला गया। सभी ताज़िए तय समय के आसपास बाबा मरदान गैब साहब की दरगाह पर पहुंचे वहाँ पर सभी ताजिये क्रमानुसार खड़े हुए। उसके बाद फातिहा पड़ कर वहां से जुलूस इंद्रा मार्केट, प्रताप चोक, धर्मादा चौराहा , भाईजान का मकान, अंजुमन चौराहा,होते हुए कर्बला मैदान पहुंचा, जहाँ पर सभी ताजिये के जिमीदारो ने पहले से ही वाहनों की व्यवस्था कर रखी थी, उसके बाद सभी ताजियों को कर्बला में ठंडा किया गया। ताजिये के जुलूस में अखाड़ो के हैरतंगेज करतब देखकर भीड़ डटी रही। इधर बड़े विवाद के बाद भी भारी पुलिस जाब्ते के साथ सूझबूझ के जरिए ताज़िए का जुलूस शांति से निकलवाने पर मुस्लिम समाज के जिम्मेदार लोगो ने जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।




# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए स्कूल में पौधे

## -पर्यावरण की शुद्धता के लिए राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में पौधे लगाएं: दुष्यंत सिंह गहलोत

कोटा (रॉयल पत्रिका)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कोटा दक्षिण के तलवंडी सेक्टर 2,3 के राज्यकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में समाज सेवी दुष्यंत सिंह गहलोत के नेतृत्व में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक शेख जाकिर हुसैन , शिक्षक हेमंत कुमार एवं स्कूल के बच्चों ने साथ मिलकर आम,नीम, विदेशी कोकोनट, गुलमोहर, शीशम , कनीर ,अशोक के 25 पौधे लगाए ओर पौधों को बचाने के लिए ट्री गार्ड भी लगवाए। शिक्षक हेमंत कुमार ने बताया कि दुष्यंत सिंह गहलोत ने पौधा लगाकर 'पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जन अभियान-2024' की शुरुआत की. उन्होंने कहा हाल ही में सरकारी स्कूल के सामने अवैध अतिक्रमण कर कार पार्किंग कर रास्ते में रोज कार पार्क की जाती थी। जिससे बच्चों को आने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता था वही स्कूल के बाहर काफी गांधी भी नजर आती थी आज साथ मिलकर उन्होंने स्कूल के सौंदर्य के लिए पहल की और आसपास वालों को भी कहा कि हर घर के आगे एक पेड़ जरूर लगाए।उधर दुष्यंत सिंह गहलोत ने बच्चों को कहा पर्यावरण की शुद्धता के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए ताकि पर्यावरण को प्रदूषण से बचाया जा सके। वही सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक का कहना है कि पौधे लगाने के साथ-साथ वृक्षों का रख-रखाव भी बहुत जरूरी है। यदि पेड़-पौधे नहीं लगाए गए और उनका रख-रखाव नहीं किया गया, तो ये पौधे अधिक समय तक जीवित नहीं रह पाएंगे। पौधे लगाने में तलवंडी क्षेत्र के समाज सेवी दुष्यन्त सिंह गहलोत ने छोटे-छोटे बच्चों व स्कूल में पढ़ने आ ने वाले बच्चों को आज स्कूल पर इनवाइट कर पौधे साथ लगाए। पौधे लगाने में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। तलवंडी निवासी सुनील , बच्चों में अरुण, गौरव ,विक्रम, अरविंद ,हेमंत शिवम,यशराज सिंह गहलोत ,युवराज सिंह गहलोत,केशव,गुंजन ,लक्ष्मी,जीविका, आदि मौजूद रहे।



# मेजर जनरल ए.जे. बी.जैनी आयेंगे झुन्झुनूं

## -26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस पर शहादत को सलाम कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

## -डॉ सलाऊदीन चोपदार फाउंडेशन के सदस्य कैप्टन टीपू सुल्तान, कैप्टन सुल्तान खान, सुबेदार मेजर अली हसन ने की गाजियाबाद निवास पर मुलाकात

झुन्झुनूं(रॉयल पत्रिका)। 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ (सिल्वर जुबली) पर झुन्झुनूं में होने वाले 'शहादत को सलाम' कार्यक्रम में मेजर जनरल ए.जे.बी. जैनी अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. सलाऊदीन चोपदार फाउंडेशन के डायरेक्टर एवं राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एम.डी. चोपदार ने बताया कि 26 जुलाई को दोपहर 1 बजे जिला मुख्यालय स्थित कर्बला मैदान, रोड़वेज बस स्टेण्ड के पास, झुंझुनूं में उक्त कार्यक्रम होगा । चोपदार ने बताया कि कार्यक्रम में शेखावाटी क्षेत्र (झुन्झुनूं, चुरू, सीकर, नीम का थाना) के कारगिल योद्धा एवं कारगिल वार में शहीद हुए उनकी वीरांगना/परिजनों तथा गेलेन्ट्री अवार्ड से सम्मान लिये हुये सैनिकों का भव्य सम्मान किया जायेगा। श्री चोपदार ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में शेखावाटी के चारों जिलों के पूर्व सैनिक एवं उनके परिजन तथा देश भक्त लोग कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। चोपदार ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर है। पूर्व सैनिक एवं फाउंडेशन के सदस्य दिनरात कार्यक्रम को सफल करने में जुटे हुये है।

चोपदार ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा के सदस्य सांसद एवं मशहूर शायर प्रखर वक्ता इमरान प्रतापगढ़ी, लेफ्टिनेंट जनरल एस.पी.एस. कटेवा, मेजर जनरल ए.जे.बी जैनी, ब्रिगेडियर अजीत सिंह (कारगिल के महानायक), कर्नल आर.के. शर्मा, कर्नल शोकत अली, पूर्व IAS असफाक खान अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे एवं इस अवसर पर देशभक्ति कविता पढ़ने वाले विवेक पारीक, रूकसाना खान भी अपने गीत प्रस्तुत करेंगे ।



# बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा अंजुमन मदरसे को वितरित किए कक्षा बोर्ड

## -117 वें स्थापना दिवस के अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा ने अंजुमन मदरसे को किए कक्षा बोर्ड वितरित

बारां(रॉयल पत्रिका)। अंजुमन मदरसे के प्रवक्ता शाहिद इकबाल भाटी ने बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा के 117 वें स्थापना दिवस के अवसर पर बैंक प्रबंधन ने मदरसा अंजुमन इस्लामिया स्कूल में कक्षा बोर्ड वितरण किए गए। इस अवसर पर अंजुमन मदरसे के सदर माजिद सलीम व नायब सदर जाकिर मंसूरी द्वारा बैंक अधिकारियों का शॉल ओढ़ाकर, माला पहनाकर व मुँह मीठा करवाकर इस्तकबाल किया। इस दौरान अल्पसंख्यक कांग्रेस



जिलाध्यक्ष शाहिद कुंडी, प्रोग्राम कन्वीनर इकबाल नेता, अख़लाक़ अंसारी, पार्षद मोहम्मद शरीफ रंगरेज, पप्पू नेता आदि लोग मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत हिरियाखेडी की जोहरा बी को यशस्वी सरपंच से नवाजा गया

सुकेत (रॉयल पत्रिका) । ग्राम पंचायत हिरीयाखेड़ी की पूर्व सरपंच जोहरा बी को आज दिनांक 20 जुलाई 2024 को राजस्थान इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर जयपुर में राजस्थान पत्रिका और अल्ट्राटेक सीमेंट के संयुक्त कार्यक्रम "यशस्वी सरपंच" मे आमंत्रित किया गया।ज्ञात हो की सम्पूर्ण राजस्थान की टॉप 50 पंचायतों में ग्राम पंचायत हीरियाखेड़ी को भी शामिल किया गया है।




# बारां शहर की मामू भांजा दरगाह कमेटी ने छबील लगाकर किया तबर्रुक तकसीम

बारां। शहर के अंजुमन चौराहा पर मंगलवार मोहर्रम की 9 तारीख को रात में ताज़िए की जियारत करने वाले जायरीनों के लिए दरगाह मामू भांजा कमेटी द्वारा छबील लगाकर खीर तकसीम की गई। छबील का उद्घघाटन पूर्व वक्फ कमेटी चेयरमैन साजिद सलीम, दरगाह बाबा पठान साहब के सदर मोहम्मद जफर ने किया। इस दौरान बाबा सलाम, असलम अंसारी, रशीद लोढ़ी, उस्मान भाई, तोफिक आदि मोजूद रहे।



# कर्बला में सालों से शरबत की छबील लगा रहे है समाजसेवी सलीम भाई

बारां। मोहर्रम की 10 तारीख यौमे आशूरा के दिन हर साल की तरह इस साल भी मेला ग्राउंड स्थित कर्बला में शरबत की छबील लगाकर ताज़िए देखने आने वाले जायरीनों को शहर के शटर व्यवसाई व पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी बारां के सचिव सलीम भाई शटर वालों ने ठंडा शरबत पिलाया, जिसका सिलसिला रात तक जारी रहा । इस दौरान मुन्ना अली, मोहम्मद हकीम, सोनू खान, मोनू खान, अदनान आदि मोजूद रहे।



# असुविधाओं को चुनौती और सुखद क्षेत्र से बाहर आ कर कुछ नया करने में विश्वास रखें - प्रिया अग्रवाल हेब्बर

उदयपुर(रॉयल पत्रिका)। जीवन की असुविधाओं को चुनौती के रूप में लें, सुखद क्षेत्र से बाहर आकर कुछ नया करने में विश्वास रखें तो सफलता आपके कदमों में होगी । यह बात देश की सबसे बड़ी और विश्व की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने भारतीय प्रबंधन संस्थान उदयपुर के दीक्षांत समारोह कही। मुख्य अतिथि के रूप में स्नातक छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, सामान्य से अलग करने के लिये स्वयं को प्रेरित रखें, हर समस्या को हल करने, कठिनाईयों को सकारात्मक हां में बदलें। जीवन को संवारने के लिये स्वयं के अनुभवों का पूरा लाभ उठाना होगा ताकि युवाओं का भविष्य सुखद बन सके। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों से बातचीत करते हुए, अपने अनुभव साझा किए।



वर्किंग एक्जीक्यूटिव्स के लिए बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा, 2024 के स्नातक वर्ग को अपने प्रेरक संबोधन में, हेब्बर ने इस बात पर जोर दिया कि असुविधा, जीवन की दिशा और उससे मिलने वाले मूल्यवान सबक पर विश्वास रखें। प्रिया अग्रवाल हेब्बर हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन एवं वेदांता लिमिटेड में गैर-कार्यकारी निदेशक हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रतिष्ठित विश्व विद्यालय के स्नातक विद्यार्थियों को जीवन के हर अनुभव को अंगीकार कर यह सुनिश्चित करना होगा कि वे किसी भी परिस्थिति में सफल होंगे।

उन्होंने स्वंय का उदाहरण देते हुए कहा कि पुरूष प्रधान औद्योगिक क्षेत्र में परिवर्तन लाने के लिये वे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, उनकी व्यावसायिक सूझबूझ के फलस्वरूप हिन्दस्तान जिंक और वेदांत के इएसजी में परिवर्तन में महत्वपूर्ण कार्य हो रहे है। वे डीकार्बोनाजेशन, जल सकारात्मकता, कार्य स्थल की सुरक्षा, सामुदायिक कल्याण, कार्यबल विविधता पर केंद्रीत कार्ययोजनाओं के साथ ही वेदांता को इएसजी में एक उद्योग कुशल नेतृत्व देने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि हिन्दस्तान जिंक निरंतर सिखने, विकास और कौशल वृद्धि में निवेश कर प्रतिभाओं को तराशने का कार्य कर रहा है, साथ ही अपने कर्मचारियों को उनकी पूरी क्षमता के साथ विकसित कर सक्षम बना रहा है।

इन प्रयासों के माध्यम से हिन्दस्तान जिंक अपनी प्रतिभाओं की क्षमताओं को मजबूत करते हुए उद्योग में प्रतिस्पर्धात्मक बढत के साथ सतत् विकास सुनिश्चित कर रहा है।

# मुस्लिम बिरादरी में शिक्षा के सूरज से फैला उजियारा - पूर्व जस्टिस व्यास

**-खिदमत ए खल्क ट्रेवल्स फाउंडेशन के मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह में 400 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान 3 खुशनसीब (भाग्यशाली) को नि:शुल्क भेजा जायेगा उमराह**

जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। खिदमत ए ख़ल्क ट्रैवल्स फाउंडेशन की ओर से प्रतापनगर स्थित महिला पीजी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में एक विशाल 'मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया।

फाउंडेशन अध्यक्ष अब्दुल वहीद गजधर ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश गोपालकृष्ण व्यास, अध्यक्षता मौलाना आजाद यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन मोहम्मद अतीक व बतौर विशिष्ट अतिथि प्रान्तीय मुस्लिम तेली महापंचायत राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अब्दुल लतीफ आरको, पूर्व राज्यमंत्री व प्रान्तीय मुस्लिम तेली महापंचायत संरक्षक अशरफ अली खिलजी, पूर्व मुख्य वन संरक्षक इस्हाक अहमद मुगल, झुंझनू पूर्व जिला कलक्टर यू.डी. खान, उम्मेद अस्पताल अधीक्षक डॉ. अफजल हकीम, राजस्थान सहकारी विभाग जोधपुर रजिस्ट्रार मोहम्मद हारुन बैलिम व समाजसेवी तैयब अली अंसारी ने शिरकत की।



फाउंडेशन सचिव अब्दुल रहीम मोदी ने कहा कि मुस्लिम समाज के इस साल 10वीं, 12वीं में 80 प्रतिशत एवं इससे अधिक अंक अर्जित करने वाले, उच्च शिक्षा, खेल क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन तथा नीट व सरकारी सेवाओं में चयनित छात्र-छात्राओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले समाजसेवियों सहित कुल 400 मुस्लिम प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

फाउंडेशन कोषाध्यक्ष अय्यूब सिलावट ने बताया कि लोगों को लागत शुल्क एवं कम से कम खर्च पर उमराह मक्का-मदीना की धार्मिक यात्रा कराने के मक़सद से खिदमत ए ख़ल्क ट्रेवल्स फाउंडेशन की स्थापना की गई। इसी कड़ी में शिक्षा क्षेत्र में इस वर्ष उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले जोधपुर शहर से 10वीं बोर्ड में मुस्लिम वर्ग में टॉपर रही अफ्सा खान 96.33 प्रतिशत को व राजस्थान में 10वीं बोर्ड में मुस्लिम वर्ग में टॉपर रहे निहाल 99.50 प्रतिशत तथा उमराह खुशियों के मेले में लक्की ड्रॉ में विजेता रही जोधपुर की मदीना को फाउंडेशन की ओर से निःशुल्क उमराह पर भेजा जायेगा। निहाल अपने शिक्षा कारणों से उमराह पर नहीं जा रहें, इसलिए इन्हें सहयोग राशि 51 हजार व 11 हजार रूपये, एज्यूकेशन के लिए प्रदान किये गये। विशेष रूप से अउवां गांव की अक्सा वेलिम को 10वीं में 98.17 प्रतिशत हासिल करने पर एवं मथानिया गावं के जाकिर को 12वीं विज्ञान वर्ग में 96 प्रतिशत अंक अर्जित करने पर 11 हजार रूपये, प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

पूर्व जस्टिस (न्यायधीश) गोपाल कृष्ण व्यास ने कहा कि बेहद खुशी का पल है कि मुस्लिम बिरादरी में भी शिक्षा के सूरज से युवा न सिर्फ समाज को राह दिखा रहें है बल्कि राष्ट्र की तरक्क़ी में मील का पत्थर साबित हो रहें है। मौलाना आजाद यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन मोहम्मद अतीक ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बच्चे-बच्चियों को उनकी रूचि के अनुसार उच्च शिक्षा में करियर चुनने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की बात कहीं। पूर्व झुंझनू जिला कलक्टर यू.डी. खान, शिक्षाविद हमीद खिलजी सहित समस्त अतिथियों ने बेहतर भविष्य के लिए विद्यार्थियों एवं इनके अभिभावकों को मार्गदर्शित किया।


फाउंडेशन उपाध्यक्ष अब्दुल मजीद मेटल ने बताया कि सामाजिक क्षेत्र में सराहनीय सेवाओं के लिए इकबाल कैफ़, इकबाल खान बैण्डबॉक्स, खुर्शीद अहमद, उस्ताद हाजी हमीम बक्ष, पत्रकार डॉ. सय्यद मोईनुल हक, अब्दुल रशीद अंसारी, साजिद खान जोधाणा, मोहम्मद साबिर, मोहम्मद कासिफ, रिजवान राजा, वसीम अकरम, अख्तर हिन्दस्तानी, शौकत अली लोहिया, जाहिद रहमानी, अमीना बानो, जावेद हुसैन, मोहम्मद अतीक सिद्दीकी, आमिर बैलिम, रजाउल्लाह गौरी सहित कई समाजसेवियों का भी सम्मान हुआ। फाउंडेशन सदस्य मोहम्मद शाकिर ने कहा कि समारोह में कौम तेलियान के पूर्व अध्यक्ष निसार अहमद खिलजी, कौम के सरपरस्त निसार बैलिम, बाबू राठौड़, मुजीबुर्रहमान गौरी, बनारस के अब्दुल वहाब, यूनाइटेड उम्माह वेलफेयर सोसायटी, एसेंट होप फाउंडेशन जोधपुर सदस्य, मुस्लिम समाज से जुड़े शिक्षाविद, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, व्यवसायी, बुर्जुग, युवा एवं आमजन सहित बड़ी संख्या में कई स्टूडेन्टस व पैरेंट्स मौजूद रहें।

# गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की डॉ. नालिनी शर्मा इंडियन मेनोपॉज कॉन्फ्रेंस में आमंत्रित

उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रोफेसर, डॉ. नालिनी शर्मा (प्रसूति एवं स्त्री रोग) को फरीदाबाद में आयोजित नॉर्थ जोन इंडियन मेनोपॉज कॉन्फ्रेंस में आमंत्रित किया गया।

उन्होंने देश के अन्य विशेषज्ञों के साथ पैनल चर्चा में रजोनिवृत्ति में गर्भनिरोधक के विषय पर अपने विचार साझा किये।

उन्होंने सत्र की अध्यक्षता की, जिसमें सीपीपी, जटिल एन.डी. वी.एच, गायनेकोलॉजिकल कैंसर सर्वाइवर में हार्मोन थेरेपी, और पेल्विक फ्लोर डिसफंक्शन पर चर्चा की गई।



साथ ही उन्होंने मेनोपॉज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक सार्वजनिक मंच(Public Forum) का आयोजन किया।

# सभी राजस्व न्यायालय चूरू जिला कलेक्ट्रेट परिसर के निकटतम एक स्थान पर ही संचालित करने की मांग

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर अभिभाषक संघ सभागार में जिला अभिभाषक संघ चूरू की ओर से एक साधारण सभा का आयोजन किया गया । साधारण सभा में सभी राजस्व न्यायालय को जिला कलेक्ट्रेट परिसर के निकटतम एक स्थान पर संचालित करने की मांग की गई और जब तक एक स्थान पर राजस्व न्यायालय संचालित नहीं होने की स्थिति में राजस्व न्यायालय में कार्य स्थगन करने का निर्णय लिया गया तथा साधारण सभा में अधिवक्ताओं ने बताया की राजस्व न्यायालय चूरू कलेक्ट्रेट परिसर से अधिक दूर संचालित होने की स्थिति में अधिवक्ताओं एवं पक्षो को आने जाने सहित विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ेगा जिसमें प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से राजस्व न्याय व्यवस्था प्रभावित होगी ।



इस अवसर पर जिला अभिभाषक संघ चूरू की ओर से यह निर्णय भी लिया गया कि चूरू के जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर जिला प्रशासन चूरू से वार्ताकार सभी राजस्व न्यायालय को चूरू कलेक्ट्रेट परिसर के एकदम निकटतम एक स्थान पर ही संचालित किये जाने की मांग की जाएगी तथा जिला प्रशासन चूरू द्वारा मांगे नहीं मानी जाने पर जिला अभिभाषक संघ चूरू की ओर से निर्णायक कदम उठाया जाएगा ।

जिला अभिभाषक संघ चूरू के सदस्य सुरेश कुमार कल्ला की ओर से जिला अभिभाषक संघ चूरू के अध्यक्ष अधिवक्ता नरेंद्र सैनी को दिए गए प्रार्थना पत्र पर विचार करते हुए जिला अभिभाषक संघ चूरू की ओर से साधारण सभा का आयोजन किया गया ।

इस अवसर पर जिला अभिभाषक संघ चूरू के अध्यक्ष अधिवक्ता नरेंद्र सैनी, वरिष्ठ अधिवक्ता बीरबल सिंह लांबा, अनन्तराम सौनी, पूर्व अध्यक्ष बजरंग शर्मा, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व अध्यक्ष महेश प्रताप सिंह राठौड़, हकीम अहमद खान, सुरेश कुमार कल्ला, सुमेर सिंह, सलीम खान, नरेंद्र सिंह राठौड़, सिकन्दर खान, जिला अभिभाषक संघ चूरू के सचिव अधिवक्ता सद्दाम हुसैन, बाबुलाल सैनी आदि ने अपने विचार व्यक्त किये ।

# पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलेट की प्रेरणा से लगाए पेड़ पौधे की सार संभाल की :महनसरिया

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया ने चुरू जिले में विभिन्न स्थानों पर पूर्व उप-मुख्यमंत्री सचिन पायलट के पिछले जन्म दिवस पर प्रदेश भर में लगाए गए पौधे धरती का श्रृंगार का सहनाली छोटी, सहनाली बड़ी, मेघसर, देपालसर, आदि गांवो में लगाये गये पेड़ पौधों की देखभाल करते हुए महनसरिया ने कहा कि सचिन पायलट एक ऐसे नेता है जो सबकी सोचते हैं एवं सबका भला चाहते हैं। पायलट ने उपमुख्यमंत्री रहते हुए नरेगा में रिकॉर्ड तोड़ श्रमिकों को लगाकर भारी संख्या में रोजगार दिया। इसी प्रकार अपने जन्म दिवस पर पूरे प्रदेश में रक्तदान शिविरआयोजित कराके प्रदेश की सभी ब्लड बैंके फुल कराकर रिकॉर्ड कायम करते हुए रक्त के जरूरतमंदों को रक्त देकर नया जीवन दान दिया। इसी प्रकार अपने जन्म दिवस पर पूरे प्रदेश में वृक्ष लगाने के कार्यक्रम के तहत लाखों पेड़ पौधों लगाने से धरती का श्रृंगार हुआ जिससे धरती महक उठी व आमजन को स्वास्थ्य लाभ व छाया दे रही है। इसी वजह से आज पूरे प्रदेश में आम जन युवा, वरिष्ठ नागरिक, अल्पसंख्यक, दलित, किसान, पायलट पायलट कर रहा है। इस अवसर पर उप सरपंच सलीम खान, पूर्व जिला परिषद सदस्य कृष्णा राम बाबल ,किसान नेता अमर सिंह दनेवा ,पूर्व सरपंच परसाराम निमेल ,नवाब खान जोईया आदि उपस्थित थे।



# माहे मोहर्रम पर ताजियों को किया मातमी धुन व अकीदत के साथ सुपुर्द- ए - खाक

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर शहर के निर्धारित मुख्य मार्गो से ताजियों का जुलूस शांति और सोहार्द पुर्वक भाईचारे के साथ निकाला गया। मुस्लिम समुदाय में इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के नवासे हजरत हसन - हुसैन रजि. तआलाहुअन की याद में ताजीये निकाले जाते हैं। आप कर्बला की जंग में यजीदियों से इस्लाम की खातिर शहादत पाई। अपने पूरे कबीले की औरतों और मासूम बच्चों को कर्बला के मैदान में तपती हुई धूप में भूख और प्यास से तड़पते हुए इस्लाम का परचम लहराया ।







यजीदी हुकूमत ने आप पर खाना और नहर का पानी तक बंद कर दिया था। आप पैगंबर मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की लाडली बेटी फातिमा र.अ.व हजरत अली र.अ. के लाडले हसन - हुसैन र.अ . शहादत दे कर इस्लाम का परचम लहराया ।

मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद अली खान ने बताया कि सभी धर्म के लोग ताजियों के जुलूस में सबिल लगाते हैं और शरबत पिलाते हैं। जगह-जगह लंगर लगाकर कई तरह का तबरुक (प्रसाद ) दिया जाता है। और राजनीतिक दल व सामाजिक संस्थाएं मार्केट में जगह-जगह अपने टेंट लगाकर ताजियादारो व अखाड़ा उस्तादों का फूल माला, साफ़ा, पहनाकर सम्मान करते हैं और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हैं। कांग्रेस की तरफ से पूर्व विधायक हाजी मकबूल मंडेलिया , सभापति पायल सैनी, पार्षद अनीस खान, पार्षद संजय भाटी, उपसभापति रमजान खान, मोहम्मद हुसैन निर्माण, पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया, डॉ जमील चौहान , सद्दाम एडवोकेट।युथ जिला अध्यक्ष आसिफ खान, विधानसभा अध्यक्ष सोहेल खान डी के , नगर अध्यक्ष असलम खोखर,ग्रामीण अध्यक्ष किशोर दादु , पार्षद दीपिका सोनी,पार्षद अली मोहम्मद , सुलेमान मणियार मण्डल सचिव,आदि, भाजपा की तरफ से जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, भाजपा प्रदेश महासचिव वासुदेव चावला, प्रदेश सदस्य सत्तार खान, पूर्व सभापति मुरलीधर शर्मा, भाजपा नेता पदम सिंह राठौड़, भाजपा नेता मोहनलाल गढ़वाल,अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अध्यक्ष अख्तर खान, असगर अली जोईया, शरीफ़ सोलंकी ,बाबू ट्रेलर आदि मौजूद रहे ।प्रशासन और शहर वासियों का अच्छा सहयोग रहा ।

कमेटी के डॉ जाकिर झारिया वाला, हाजी यूसुफ चौहान, नवाब उस्ताद , लियाकत उस्ताद, आदि। ताजिए व अखाड़ा निकालते हैं ताजियों का जुलूस शहर के मुख्य मार्गो से होता हुआ शाम को मातमी धुन - ढोल ताशो की गढ़- गढ़ाहट के साथ कर्बला पहुंचा और वहां पर ताजीयो को सुपुर्द -ए - खाक कीया गया।

# 108 वे उर्स के पोस्टर का विमोचन किया

जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। मुंशी सिफत हुसैन संयुक्त मोहल्ला विकास समिति के महासचिव साजिद खान ने बताया कि आगामी 108 वा उर्स सय्यद मुंशी सिफत हुसैन रहमतुल्लाह अलैहे का पोस्टर विमोचन किया गया ।

अध्यक्ष जुल्फिकार और उपाध्यक्ष कालू घोसी ने बताया कि उर्स के दौरान कई आयोजन होंगे जिसमें मुख्य 6 अगस्त को तकरीर का भव्य आयोजन होगा जिसमें बिहार और उत्तर प्रदेश से आलीम शिरकत करेंगे।

कोषाध्यक्ष शाहरुख खान ने बताया कि पोस्टर विमोचन के मौके पर मौलाना अदनान रजा अशरफी, कारी शाहिद, आमीन, इसरार खा, नूरुद्दीन, मोहम्मद हुसैन, खाजू भाई घोसी, रफीक, सरपरस्त नसीम अली रंगरेज, शहीद खिलजी, शाहिद आलमी, अध्यक्ष जुल्फिकार हुसैन (टिपू), उपाध्यक्ष कालू भाई घोसी, इकबाल नूरी, महासचिव साजिद खान, सचिव नफीस अहमद, सहसचिव आसिफ नूरी, कोषाध्यक्ष शाहरुख खान, सहकोषाध्यक्ष फिरोज शाह, संगठन मंत्री वाजिद खान, उस्ताद वसीम खान, समीर नूरी कायमखानी, सह संगठन मंत्री आमीन साहब, इंसाफ भाई, प्रचार मंत्री मोहम्मद अनीस (राजू) लियाकत नूरी, सोशल मीडिया प्रभारी आसिफ खान फौजदार, आजाद रिजवी सहित अकीदतमंद व सदस्य मौजूद रह।

# सांचौर बालिका को खेलते समय लगा करट, उपचार के दौरान हाथ काटना पड़ा

**-पार्षद बीरबल विश्नोई ने उठाया 12वीं तक पढ़ाई का जिम्मा, सरकारी सहायता का दिलाया भरोसा**

सांचौर(रॉयल पत्रिका)। शहर में इन्द्रा कॉलोनी में रहने वाली मासुम कविता के खेलते करंट की चपेट में आने के बाद उपचार के दौरान उसका एक हाथ काटना पड़ा। आसुराम भाट ने बताया कि उसकी बेटी घर के पास नीम के नीचे खेल रही थी। इस दौरान नीम के ऊपर से गुजर रही विद्त विभाग की हाईटेंशन लाइन के तार नीम के टच होने के कारण करंट प्रवाहित होने से बालिका भी उसके चपेट में आ गई। जिससे गम्भीर हालात में शहर के निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां से गुजरात रैफर किया गया। इस दौरान बालिका की जान तो बच गई, लेकिन उसका एक हाथ काटना पड़ा। बालिका के पिता आसुराम भाट ने बताया कि उन्होंने लोगों से उधार लेकर उपचार पर करीब छः लाख रूपये खर्च किए। उन्होनें बताया कि उनके परिवार का आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड बना हुआ है, लेकिन गुजरात में इलाज के दौरान उस कार्ड को स्वीकार नहीं करने से उधार लेकर उवचार करवाना पड़ा। सांचौर पार्षद बीरबल विश्नोई को घटना की जानकारी मिलने पर पार्षद विश्नोई पीड़ित परिवार के घर पहुंचें व हादसे में घायल बालिका कविता के स्वास्थ्य जानकारी ली। परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए विश्नोई ने बालिका के 12वीं तक की पढ़ाई का सम्पूर्ण खर्चा वहन करने की घोषणा की। वहीं राज्य सरकार से आर्थिक सहायता के लिए परिवार को जिला कलक्टर के मार्फत पात्रता के आधार पर पूर्ण सहायता का भरोसा दिलाया।



# शहर में सीवरेज लाइन की मांग को लेकर लिखा पत्र

सांचौर(रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी जिला जालोर सांचौर के जिला मिडिया संयोजक भावेश सोनी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा को पत्र लिखकर शहर में सिवरेज लाइन स्वीकृति हेतु मांग की है। शहर जिला मुख्यालय से लगातार आम जनमानस, जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्धजन बंधुओ द्वारा शहर में लंबे समय से गंदे पानी की निकासी की समस्या है हेतु सिवरेज लाइन की मांग की जा रही है। शहर में गंदे पानी की निकासी हेतु लंबे समय से मांग की जा रही है शहर में बारिश के समय पूरे बाजार में पानी का भराव हो जाता है जिससे आम जनता को परेशानी होती है। शहर में विगत 6 वर्षों में 3 बार बारिश के समय अधिक जलभराव से बाढ़ के हालत बने जिसके कारण व्यापारियों के दुकानों में पानी भर गया जिससे लाखो रुपयों का भारी नुकसान हुआ। शहर के अधिकांश वार्डो में नालियों का लेवल ठीक नहीं है जिसके कारण गंदे पानी का भराव सड़को पर होता है जिसके कारण आमजनता के लिए चलना मुश्किल होता है एवं गंदगी के कारण मच्छरों को संख्या बढ़ती है जिसके लोग बीमार पड़ते है। शहर में सिवरेज की स्वीकृति हेतु मांग की गई है।

# पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण का कोई विकल्प नहीं: कुमार अजय

**-पर्यावरण प्रेमी हीराराम प्रजापत की ग्यारहवीं पुण्यतिथि पर मोक्षधाम में किया पौधारोपण**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देशन में जिलेभर में चल रही पौधरोपण के सघन अभियान के ही क्रम में रविवार को घांघू के पर्यावरण प्रेमी हीराराम प्रजापत की ग्यारहवीं पुण्यतिथि पर घांघू के श्री बैकुंठ मुक्तिधाम में उनके परिजनों की ओर से उनकी स्मृति में नीम, बकाण, शीशम, करंज आदि छायादार पौधे लगाए गए। इस मौके पर श्रमदान कर पूर्व में लगाए पौधों की कटाई-छंटाई आदि कार्य भी किए गए।



पौधरोपण का शुभारंभ सहायक निदेशक (जन संपर्क) कुमार अजय ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वर्तमान में व्यक्ति और विश्व दोनों ही अपने-अपने स्तर पर अनेक चुनौतियों से जूझ रहे हैं। व्यक्ति की प्रकृति से दूरी और विकास के नाम पर प्रकृति का दोहन इसका अहम कारण है। भागदौड़ की जिंदगी में आज न तो व्यक्ति के पास इतना समय रहा गया है कि वह प्रकृति की गोद में बैठे और न ही ऐसा परिवेश रह गया है। प्रकृति के पास आज व्यक्ति और दुनिया के समक्ष मौजूद इन चुनौतियों का समाधान है लेकिन हमें प्रकृति के संदेश को समझना होगा। प्रकृति के दोहन का परिणाम विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के रूप में हमारे सामने आ रहा है लेकिन आज भी हम समझने को तैयार नहीं है। उन्होंने स्व. हीराराम प्रजापत को याद करते हुए उनके साधारण-सरल प्रकृति-प्रेमी व्यक्तित्व की सराहना करते हुए निरंतर पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण में जुटे बीरबल नोखवाल और परिजनों की सराहना की और कहा कि पारस्थितिकी और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन के संरक्षण की दिशा में प्रत्येक व्यक्ति को जागरुक होना होगा। पर्यावरण प्रेमी हीराराम प्रजापत के पुत्र बीरबल नोखवाल ने बताया कि श्री बैकुंठ मुक्तिधाम घांघू से शुरू हुआ पौधारोपण का कार्यक्रम संपूर्ण मानसून सत्र में गांव के सार्वजिनक स्थानों पर पौधे लगाकर जारी रखा जाएगा।

इस दौरान केशरदेव प्रजापत, मुरारीलाल बाटू, संजय कुमार दर्जी, अभय नेहरा, सुनिल जांगिड़, बनवारी लाल रेवाड़, महेन्द्र कुमार भादू, हीरालाल भादू, अमित कुमार, धर्मेश प्रजापत आदि ने पौधारोपण किया।

# डॉक्टर बनने पर सैयद अब्दुल हन्नान को दी बधाइयां



टोंक (रॉयल पत्रिका)। बावडी चौराहे के पास काफिला स्थित सैयदों की गली निवासी डॉक्टर सैयद अब्दुल हन्नान को डॉक्टर बनने पर और हाल ही में हुई एफएमजीआई परीक्षा उत्तीर्ण करने पर माल्यार्पण कर उनको ढेर सारी हार्दिक बधाइयां दी गईं । याद रहे कि अभी गत छ. जुलाई को फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएशन एग्जाम अर्थात एफएमजीआई परीक्षा में डॉक्टर अब्दुल हन्नान पास हुए हैं इस परीक्षा को पास करने के बाद देश में कहीं भी सरकारी या निजी डॉक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दी जा सकती है । उल्लेखनीय है कि सैयद अब्दुल हन्नान अहमद ने एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर इस परीक्षा में भी पास होकर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है । याद रहे कि यह परीक्षा उन छात्रों को देना होती है जो भारत से बाहर एम बी बी एस की पढ़ाई करके आते हैं । एफएमजीआई की परीक्षा में 35819 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी इसमें से 7233 छात्र पास हुए हैं उनकी सफलता पर हन्ना विला में पहुंचकर पार्षद अत्ताउल्लाह खान, पूर्व पार्षद बरकात हसीन, अब्दुल हन्नान के पिता शिक्षाविद डॉक्टर सैयद माकूल नदीम, कांग्रेस जिला प्रवक्ता रहे यूसुफ यूनिवर्सल, तारीफ हुसैन, सैयद आबिद अली, जावेद खान, अंसार अहमद, शहवार खान, अतीक खान, फरमान पठान, आरिश खान, जुनैद असलम, अतहर उल हक, अनवर अली, खालिद भैया, अज्जी भाई, मोहम्मद साद खान, मोहम्मद इब्राहीम, सैयद हस्सान अहमद, आदि ने डॉ अब्दुल हन्नान का माल्यार्पण किया और उन्हें हार्दिक बधाइयां दी उनकी इस सफलता पर कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय युवा नेता सैयद सऊद सईदी, सभापति अली अहमद जमील सईदी ( बल्लु भाई)पार्षद हकीकत हसन, पार्षद सुनील बंसल ,पार्षद इरशाद बैग, पूर्व पार्षद अजीज कुरैशी, अनवर आदिल जूनियर, कांग्रेस नेता दिनेश चौरसिया, मुदस्सर जीशान, मुन्ना खान पठान, इम्तियाज़ खान, काशिफ अली, शहजाद कायमखानी, पंडित राजेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, हुमायूं खान, एस एन चावला, प्रेम रघुवंशी, राहुल राजवंशी, सौलत खान, साईब खान, एम असलम, जलालुद्दीन खान, राजकुमार करनानी, लियाकत अली, भगवान सहाय शर्मा, समीउररहमान, श्याम शर्मा, वक्फ कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद अहमद उर्फ भैया, सैयद जीशान अहमद, आसिम शेख, मुफ्ती मौ.आदिल नदवी, मोहम्मद हसन उर्फ छम्मु खां ठेकेदार, रूम्मान खान, ताज खान, पठान बादशाह खान, बॉबी खान आदि ने उन्हें ढेर सारी बधाइयां दी है ।

# मोहम्मद शोएब प्रदेश कांग्रेस सचिव बने



जयपुर । राजस्थान प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा ने जयपुर निवासी मोहम्मद शोएब को प्रदेश कांग्रेस में सचिव पद पर नियुक्त किया है । प्रभारी रंधावा ने मोहम्मद शोएब की नियुक्ति से आशा व्यक्त की है कि कांग्रेस पार्टी में वह अपनी मेहनत और लगन से काम करेंगे और पार्टी को मजबूत करेंगे ।

# हिंसा की वजह से भारत-बांग्लादेश के बीच व्यापार ठप



बांग्लादेश में हिंसा अभी भी जारी है और इसका असर व्यापार पर भी पड़ रहा है। पश्चिम बंगाल के बंदरगाहों से भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाले वाला व्यापार लगातार दूसरे दिन सोमवार को भी ठप रहा। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि एक तय संख्या में यात्रियों की आवाजाही जारी है। उधर, बांग्लादेश के पेट्रापोल बंदरगाह से माल ढोने वाले ट्रकों के पहिए भी रविवार से थमे हुए हैं। बांग्लादेश में हिंसक घटनाओं की वजह से सरकार ने अवकाश घोषित किया हुआ है। आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर बाकी सभी सेवाओं पर फिलहाल रोक लगाई गई है।

पेट्रापोल बंदरगाह से लगातार दूसरे दिन व्यापार ठप

आपको बता दें कि पेट्रापोल बंदरगाह उत्तरी परगना जिले के बनगांव में स्थित है। यह बंदरगाह दक्षिण एशिया के सबसे बड़े बंदरगाहों में से एक है। यह बंदरगाह भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार में अहम भूमिका निभाता है। सामान्य दिनों में यहां से हर दिन सैकड़ों मालवाहक ट्रक गुजरते हैं। पेट्रापोल बंदरगाह में भारतीय अधिकारी कमलेश सैनी का कहना है कि व्यापार पर फिलहाल रोक लगाई गई है। हालांकि, लोगों, खास तौर पर छात्रों की आवाजाही जारी है। उन्होंने बताया कि अब तक 700 से अधिक छात्र पेट्रापोल बंदरगाह पहुंचे हैं।

# छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर विवि गेट पर छात्रों का अर्धनग्न प्रदर्शन

छात्रसंघ चुनावों की बहाली को लेकर लगातार चल रहे प्रदर्शनों की कड़ी में आज छात्रों ने राजस्थान विश्वविद्यालय के गेट पर अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। छात्रों ने इसके माध्यम से सरकार से छात्र चुनाव बहाल करने की मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री से अपील की और मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। इससे पूर्व गत शनिवार को छात्र नेताओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं राज्यपाल कलराज मिश्र के नाम खून से चिट्ठी लिखकर छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग की थी। विधानसभा में भी इस मुद्दे को कई नेताओं द्वारा सदन के पटल पर रखा जा चुका है।





















मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए डीबी प्रिंट सोल्यूशन्स (यूनिट ऑफ डीबी कॉर्प लि.) 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886, G-mail : royalpatrika@gmail.com, Yahoo : royal_patrika@yahoo.com